उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...

# बी पी एस न्यूज

सोमवार 27 फरवरी ,2023

www.bpsnews.in

(वर्ष-7 अंक-53)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया



तीन युवकों ने फरसे से हमलाकर युवती को मौत के घाट उतारा

दो दरोगा व एक सिपाही ने व्यापारी के साथ की लूटपाट

पूर्व कोच रवि शास्त्री ने टीम पर लगाए गंभीर आरोप

## न्यूज संक्षिप्त

### दिल्ली गोल्फ ज़्लब में आग, कोई घायल नहीं

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मथुरा रोड स्थित 'दिल्ली गोल्फ ज़्लब के कार्यालय में रविवार की सुबह आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक उन्हें आग लगने की सूचना सुबह करीब 10 बजकर 25 मिनट पर मिली जिसके बाद मौके पर चार दमकल वाहन भेजे गये। उन्होंने कहा कि आग पर 10 बजकर 50 मिनट पर काबू पा लिया गया और इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

### आर्थिक तंगी से परेशान दुकानदार ने की पत्नी और 2 बच्चों की हत्या

नयी दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में आर्थिक तंगी को लेकर 38 वर्षीय व्यक्ति ने चार महीने के शिशु समेत अपने दो बेटों और पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी और इसके बाद आत्महत्या का प्रयास किया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना विपिन गार्डन की है। आरोपी की पहचान राजेश (38) के तौर पर हुई है जिसने 35 वर्षीय पत्नी के अलावा पांच साल एवं चार महीने के अपने दो बेटों की कथित तौर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि पत्नी और बेटों की हत्या करने के बाद राजेश ने अपनी कलाई को काफी अंदर तक काट दिया और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। द्वारका पुलिस के उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने कहा कि आरोपी ने रविवार तड़के अपने दोस्तों को संदेश भेजकर अपनी आर्थिक तंगी के बारे में बताया तो दोस्तों ने इसकी सूचना उसके भाई को दी। उन्होंने कहा कि आरोपी के भाई ने सुबह करीब छह बजे पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के अनुसार घटना के समय व्यक्ति के माता-पिता (दोनों 75 साल से अधिक उम्र के) दूसरे कक्ष में थे और पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। राजेश किराने की एक दुकान चलाता है, लेकिन पहले वह एक कंपनी चलाया करता था जो आईएसओ सत्यापन संबंधी काम करती थी। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि मोहन गार्डन पुलिस थाने में हत्या का एक मामला दर्ज किया जाएगा।

### पुलवामा में आतंकियों ने कश्मीरी पंडित की गोली मारकर की हत्या

जम्मू। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अचन में रविवार को संदिग्ध आतंकवादियों ने एक कश्मीरी पंडित बैंक सुरक्षाकर्मी की गोली मार कर हत्या कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने आज सुबह अचन निवासी काशी नाथ पंडित के पुत्र संजय पंडित पर गोलियां दागीं। घायल को आगे के इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भेज दिया गया है, जहाँ उसकी मौत हो गयी। अधिकारी ने बताया कि पेशे से वह बैंक सुरक्षा गार्ड था। इस बीच हमलावरों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

## पीएम मोदी ने नवनियुक्त दरोगाओं को किया संबोधित, बोले- डंडे से पहले दिल का करें इस्तेमाल



लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दरोगा सीधी भर्ती में चयनित 9005 अभ्यर्थियों को दिए अपने विशेष संदेश में कहा कि आपको समाज के प्रति संवेदनशील बनना है। सरकार आपको डंडा देगी लेकिन परमात्मा ने उससे पहले दिल दिया है। आपको सरकारी डंडे से पहले दिल का इस्तेमाल करना है। इसका ध्यान आपके प्रशिक्षण के दौरान भी दिया जाएगा। आपको सेवा और शक्ति का प्रतिबिंब बनना है ताकि अपराधी भयभीत और शरीफ आदमी निडर रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले यूपी की पहचान माफिया और ध्वस्त कानून-व्यवस्था से होती थी। अब विकसित हो रहे राज्य और बेहतर कानून-व्यवस्था की है। जहां कानून-व्यवस्था बेहतर होती है, रोजगार की संभावना बढ़ती है। कारोबार बढ़ने केसाथ निवेश भी आता है। मुझसे मिलने वाले यूपी को अब एक्सप्रेस प्रदेश बुलाते हैं। यूपी धार्मिक पर्यटन का सबसे बड़ा केंद्र है। हाल ही में गोवा से ज्यादा बुकिंग काशी में हुई। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि अपने भीतर के विद्यार्थी को जिंदा रखिएगा। ये प्रगति के लिए जरूरी है। इस नौकरी को अपना आरंभ मानिए।

**पुलिस के इकबाल को हर हाल में बनाए रखना है -योगी**

राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त सुरक्षा है। पुलिस के इकबाल को हर हाल में बनाए रखना है। इससे हर अधिकारी और कर्मचारी का सम्मान भी कायम रहेगा। आम आदमी के साथ आपका व्यवहार मित्रतापूर्ण होना चाहिए। आपको अपराधियों से दस कदम आगे सोचना होगा। पहले यूपी में जो सरकारी नौकरी की तैयारी करता था, उसका चयन दूसरे प्रदेश में होता था। दिल्ली में पढ़ने वाले खुद को यूपी का निवासी बताने से कतराते थे। आजमगढ़ का तो नाम तक नहीं लेते थे। गलती किसी धरती की नहीं, सिस्टम की है जिससे पहचान का संकट खड़ा हो जाता है। आज प्रदेश का हर नागरिक अपने जिले का नाम गौरव से लेता है। कैराना में पलायन करने वाले वापस आ रहे हैं। अभ्यर्थियों से बोले कि प्रशिक्षण में मेहनत कीजिएगा। फोर्स में कहावत है, जितना पसीना ट्रेनिंग में बहेगा, बाद में खून बहाने की नौबत नहीं आएगी। सरकार आपको फॉरेंसिक साइंस का प्रशिक्षण भी देगी। इस अवसर पर उन्होंने कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

**सपा सरकार में टूटा पुलिस बल का मनोबल**

इससे पहले उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आपका चयन प्रतिभा से हुआ है। सपा सरकार में जुगाड़ और प्रलोभन वाले चुने जाते थे। जब पुलिस में जुगाड़ वाले आएंगे तो व्यवस्था चौपट होना तय है। पुलिस बल का मनोबल तोड़ दिया गया था। पुलिसकर्मी डरते थे कि कहीं सख्ती की तो मुख्यमंत्री आवास से फोन न आ जाए। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सेवा से ही हमें संतुष्टि मिलती है। आपसे कई लोग सिफारिश करेंगे।

## आबकारी नीति मामले में लगे आरोप झूठे, जेल जाने से नहीं डरता



नयी दिल्ली । आबकारी नीति मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पूछताछ के लिये बुलाए जाने पर दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को कहा कि वह जांच एजेंसी के साथ पूरी तरह से सहयोग करेंगे। सिसोदिया ने कहा कि अगर झूठे आरोपों के लिए जेल भी जाना पड़े तो उन्हें इसकी परवाह नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने पूछताछ के लिए सीबीआई मुख्यालय जाने से पहले राजघाट पर पत्रकारों से कहा, मैं कई बार जेल जा सकता हूं और मैं डरता नहीं हूं। जब मैंने एक पत्रकार के रूप में अपनी नौकरी छोड़ दी थी, तो मेरी पत्नी ने मेरा साथ दिया और आज भी, मेरा परिवार मेरे साथ खड़ा है। अगर मुझे गिरफ्तार किया जाता है तो मेरे कार्यकर्ता मेरे परिवार की देखभाल करेंगे। सिसोदिया दिल्ली के शिक्षा मंत्री और वित्त मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को कड़ी मेहनत जारी रखनी चाहिए और अगर वह जेल जाते हैस्न, तो भी वह उनके प्रदर्शन का आकलन करते रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं छात्रों से कहना चाहता हूं कि उन्हें कड़ी मेहनत और अच्छी तरह से पढ़ाई जारी रखनी है। यहां तक कि अगर मैं जेल जाता हूं, तो भी मैं छात्रों के प्रदर्शन का आकलन करता रहूंगा। सिसोदिया को पिछले रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने बजट संबंधी कामकाज का हवाला देते हुए पेश होने के लिए समय मांगा था। जिसके बाद, सीबीआई ने उन्हें 26 फरवरी को उपस्थित होने के लिए कहा था। इससे पहले सिसोदिया ने ट्वीट किया कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने लिखा, आज फिर सीबीआई जा रहा हूं, सारी जांच में पूरा सहयोग करूंगा। लाखों बच्चों का प्यार व करोड़ों देशवासियों का आशीर्वाद साथ है। कुछ महीने जेल में भी रहना पड़े तो परवाह नहीं। भगत सिंह के अनुयायी हैं, देश के लिए भगत सिंह फांसी पर चढ़ गए थे।

## जातीय सियासत के मुकाबले हिंदुत्व कार्ड चल रही भाजपा, सपा की रणनीति पर योगी ने पानी फेरा



लखनऊ। दो माह से पिछड़ों की गोलबंदी के सहारे सपा मुखिया अखिलेश यादव की तैयार हो रही चुनावी चौसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंदुत्व कार्ड चलाया है। सपा ने रामचरित मानस की जिस चौपाई को आधार बनाकर सियासी फसल काटने की योजना बनाई थी, योगी ने उसकी प्रतियां जलाने को 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान बताकर उनकी रणनीति पर पानी फेरने का प्रयास किया है। कानून-व्यवस्था के मामले में माफिया के खिलाफ योगी के आक्रामक तेवर और मानस की चर्चा में रही चौपाई की उनकी व्याख्या ने सब कुछ साफ कर दिया है। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने आए योगी शुरुआत से ही आक्रामक दिखे। योगी ने 2 घंटे 7 मिनट के भाषण में एक-एक मुद्दे पर आईना दिखाते हुए सपा को बैकफुट पर लाने का प्रयास किया। सपा की ओर से प्रयागराज गोलीकांड का मुद्दा उठाया गया तो योगी ने कड़े तेवर में सपा को घेरते हुए माफिया को मिट्टी में मिलाने जैसा संकल्प कई बार दोहराया। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कर कानपुर में मां बेटी की आत्महत्या से बिगड़े माहौल को भी योगी ने शांत करने की कोशिश की। अखिलेश व सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य काफी दिनों से रामचरिस मानस की एक चौपाई को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे थे। अखिलेश सदन के बाहर कहते रहे हैं कि वे विधानसभा में सीएम से पूछेंगे कि शूद्र कौन-कौन हैं? अखिलेश ने सीधे तौर पर इस मुद्दे को सदन में तो नहीं उठाया, लेकिन योगी ने मानस की चौपाई में ताड़न का अर्थ प्रताड़ित करने से नहीं, बल्कि देखने से साबित कर इस मुद्दे को ही बेमानी कर दिया।

उन्होंने सपा द्वारा तुलसीदास को अपमानित करने और सौ करोड़ हिंदुओं के अपमान से जोड़ते हुए इस मुद्दे की धार कुंद कर दी। योगी ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के बयान का हवाला देकर दलित समाज को भी संदेश देने की कोशिश की। कहा, बाबा साहब ने खुद कहा था कि दलित वर्ग को शूद्र न कहा जाए, शूद्र कोई जाति नहीं है। जानकार मानते हैं कि योगी ने अपने अंदाज व जवाब से न सिर्फ जातीय गोलबंदी की कोशिश कर रही सपा की रणनीति को झटका दिया है, बल्कि अपनी बुलडोजर बाबा की छवि को बरकरार रखने का संदेश दिया है। उन्होंने यूपी में बाबा बा... का संदेश देकर भी मजबूत इरादे दिखाए हैं।

योगी ने सपा संस्थापक रहे मुलायम सिंह यादव और महासचिव शिवपाल यादव का मुद्दा उठाते हुए अखिलेश को कठघरे में खड़ा किया। कहा, 'शर्म तो तुम्हें करनी चाहिए जो अपने बाप का सम्मान नहीं कर पाए'। वहीं चाचा शिवपाल के साथ हुए धोखे और उचित सम्मान नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया। योगी ने रामचरित मानस की ही चौपाई बिनय न मानत जलधि जड़... के जरिए विपक्ष को चेताया कि संभल जाओ, नहीं तो सरकार बख्शेगी नहीं।

## अडाणी मामले की सच्चाई आने तक एक बार नहीं, हजार बार सवाल पूछेंगे: राहुल गांधी



नवा रायपुर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि अडाणी समूह से जुड़े मामले की सच्चाई सामने आने तक उनकी पार्टी सवाल पूछती रहेगी। उन्होंने पार्टी के 85वें अधिवेशन में संबोधन के दौरान आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडाणी एक ही हैं। राहुल गांधी ने भविष्य में 'भारत जोड़ो यात्रा' की तरह के किसी अन्य कार्यक्रम का संकेत देते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 'तपस्या' का कार्यक्रम बनाएं, उसमें सभी लोग शामिल होंगे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि कांग्रेस के लोग सत्याग्रही हैं, जबकि भाजपा-आरएसएस के लोग 'सत्ताग्रही' हैं। राहुल गांधी ने अडाणी मामले का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि अडाणी और मोदी एक ही हैं और पूरा धन एक ही व्यक्ति के पास जा रहा है। उन्होंने कहा, 'संसद की कार्यवाही से हमारी बातों को हटा दिया गया..हम सवाल पूछते रहेंगे। हम एक बार नहीं, हजार बार सवाल पूछेंगे। जब तक अडाणी जी की सच्चाई नहीं सामने आएगी तब तक सवाल पूछते रहेंगे। राहुल गांधी ने महाधिवेशन में कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने श्रीनगर में भाजपा के महज 15-20 लोगों के साथ तिरंगा फहराया था, लेकिन हमने कश्मीर के लाखों युवाओं के जरिये तिरंगा फहराया। उन्होंने चीन के संदर्भ में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के एक बयान का हवाला देते हुए कहा, 'जो आपसे कमजोर है उससे ही लड़ोगे तो इसे कायरता कहा जाता है, यह राष्ट्रवाद नहीं है।

## मेरठ कोल्ड स्टोर हादसा: ध्वस्त कराई जाएगी जर्जर इमारत



मेरठ । मेरठ जनपद के दौराला में शीतगृह में हुए हादसे में दूसरे दिन डीएम द्वारा गठित टीम सुबह दस बजे ही पहुंच गई। यहां दिन भर यहीं मंथन रहा कि अमोनिया गैस को कैसे खाली किया जाए और जहां पर हादसा हुआ है, उस हिस्से को कैसे गिराया जाए। यह हिस्सा ध्वस्त कराने के लिए हाईड्रो और मलबा हटाने के लिए जेसीबी भी आ गई थी। बाद में तय हुआ कि अमोनिया गैस खाली कराने के बाद ही जर्जर इमारत को ध्वस्त किया जाएगा। डीएम दीपक मीणा ने जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी गई। टीम यहां निगरानी करती रही। टीम ने मुख्य द्वार से लेकर अंदर तक के क्षेत्र को सील कर दिया गया। इसके बाद एडीएम प्रशासन अमित कुमार सहित अन्य ने निरीक्षण किया। टीम ने बताया कि इमारत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। इसे गिराया जाएगा। लोक निर्माण विभाग से ध्वस्तीकरण में खर्च का आकलन कर रिपोर्ट मांगी गई है। इस पर जो व्यय होगा, वह शीतगृह के मालिक को वहन करना होगा। इसके बाद चौधरी चंद्रवीर सिंह की ओर से संदीप ठेकेदार, विक्रांत अहलावत, संजय प्रधान और रवि चौधरी ने टीम और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपना पक्ष रखा कि इतनी बड़ी इमारत को ऐसे न गिराया जाए।

## उमेश पाल हत्याकांड मामले में अतीक अहमद समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उसके सुरक्षाकर्मी की हत्या के मामले में धूमनगंज थाने में शनिवार को पूर्व सांसद अतीक अहमद समेत कई व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उमेश पाल की पत्नी जया पाल की शिकायत पर धूमनगंज थाने में अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन, उसके दो बेटों, उसके साथी गुड्डू मुस्लिम और गुलाम एवं नौ अन्य साथियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147, 148, 149, 302, 307, 506, 120-बी, 34, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 की धारा 3 और आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 1932 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी में जया पाल ने आरोप लगाया है कि उनके पति उमेश पाल, विधायक राजू पाल हत्याकांड के चश्मदीद गवाह थे और वर्ष 2006 में पूर्व सांसद अतीक अहमद और उनके साथियों ने उमेश पाल का अपहरण करके अदालत में ले जाकर जबरदस्ती अपने पक्ष में गवाही दिलाई थी। जया पाल ने कहा है कि उमेश पाल ने अपहरण की प्राथमिकी लिखवाई थी और इस मामले में मुकदमा चल रहा है। जया पाल ने शिकायत में कहा कि शुक्रवार को इसी मुकदमे में सुनवाई होनी थी जिसके लिए उमेश पाल अपने भतीजे की कार से अपने दो सुरक्षाकर्मियों- संदीप निषाद और राघवेंद्र सिंह के साथ जिला अदालत गए थे।

जया पाल ने शिकायत में कहा कि अदालत से घर वापस आने पर गली में जैसे ही उमेश पाल और उनके सुरक्षाकर्मी कार से उतरे, अतीक अहमद के बेटे, गुड्डू मुस्लिम, गुलाम और इनके नौ साथियों ने उमेश पाल और इनके सुरक्षाकर्मियों पर बम और गोली से जानलेवा हमला कर दिया जिससे उमेश पाल और उनके सुरक्षाकर्मी बुरी तरह घायल हो गए। शिकायत में जया पाल ने कहा, ''घटना में कार में बैठा ड्राइवर प्रदीप शर्मा बाल-बाल बच गया। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में घटना को देख मैं गली की ओर भागी और देखा कि ये लोग गोलियां चलाते हुए वहां से भाग गए। परिवार और आसपास के लोग उमेश पाल और उनके दो सुरक्षाकर्मियों को घायल अवस्था में अस्पताल ले गए जहां मेरे पति उमेश पाल और गनर संदीप निषाद की मृत्यु हो गई। वहीं, दूसरे गनर राघवेंद्र सिंह का इलाज हो रहा है।'' शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उमेश पाल और संदीप निषाद की हत्या पूर्व सांसद अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ और उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन द्वारा साजिश करके अतीक के बेटों और सहयोगियों द्वारा कराई गई है। शुक्रवार की शाम हुई इस घटना के बाद उमेश पाल की स्वरूपरानी अस्पताल में मृत्यु हो गई, जबकि देर रात सुरक्षाकर्मी संदीप निषाद की मृत्यु हो गई। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया था कि इस मामले की जांच के लिए आठ से दस टीम बनाई गई है और ये टीम अलग अलग जगह गई हुई हैं। उन्होंने कहा किसीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता लगाया जा रहा है कि हमलावर कितनी संख्या में थे। उल्लेखनीय है कि राजू पाल बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक थे और 2005 में उनकी हत्या कर दी गयी थी। उमेश पाल उस हत्याकांड के मुख्य गवाह थे।

## अतीक का करीबी है गुड्डू मुस्लिम, बिहार और यूपी के कई माफिया से भी रिश्ते, बम बनाने में माहिर

लखनऊ। करीब 15 वर्ष पहले गुड्डू को गोरखपुर पुलिस ने पटना जेल के बाहर से गिरफ्तार किया था जिसके बाद अतीक ने उसकी जमानत कराई थी। गुड्डू मुस्लिम के करीबी संबंध पूर्वांचल के एक बाहुबली पूर्व सांसद और फैजाबाद के बाहुबली विधायक से भी रहे हैं। उमेश पाल और गनर ही हत्या में अतीक और उनके परिजनों के बाद जिस गुड्डू मुस्लिम को नामजद किया गया है, वह यूपी और बिहार के कई माफिया का करीबी है। गुड्डू को बम बनाने का माहिर माना जाता है। करीब 15 वर्ष पहले गुड्डू को गोरखपुर पुलिस ने पटना जेल के बाहर से गिरफ्तार किया था जिसके बाद अतीक ने उसकी जमानत कराई थी। गुड्डू मुस्लिम के करीबी संबंध पूर्वांचल के एक बाहुबली पूर्व सांसद और फैजाबाद के बाहुबली विधायक से भी रहे हैं। दोनों लखनऊ में रेलवे, मोबाइल टॉवर आदि के टेंडर पूल कराने के लिए गुड्डू मुस्लिम की मदद लेते थे। उस दौरान चारबाग के बाहुबली एमएलसी अजीत सिंह का रेलवे आदि में दबदबा था। अजीत गिरोह से मोर्चा लेने के लिए गुड्डू का इस्तेमाल किया जाता था। बसपा सरकार में हुए इंजीनियर हत्याकांड में पुलिस को उसकी तलाश थी।

सभी देशवासियों, राज्यवासियों, नगर वासियों एवं क्षेत्रीयवासियों, सम्पादक साथियों व मेरे प्रिय पत्रकार भाइयों सहित शासन-प्रशासन और देश-प्रदेश से जुड़े हुए बी पी एस न्यूज के पाठक व सम्मानित मित्रों को बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



सम्पादक
बी.पी. साहू
8423454502, 9335908846

बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें

www.bpsnews.in



## संपादकीय

### अख्तर का आईना

पाकिस्तान के लाहौर में आयोजित फैज़ फेस्टिवल में भाग लेने गये मशहूर गीतकार व लेखक जावेद अख्तर के बयान का वह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वे पाकिस्तानियों को बता रहे हैं कि मुंबई हमले के दोषी पाक में खुलेआम घूम रहे हैं। जिसका मलाल हर भारतीय के दिल में है। निस्संदेह, पाकिस्तान जाकर ऐसी बेबाक बात कहने का साहस करने वाले जावेद अख्तर की सराहना की जानी चाहिए। जावेद ने यह जवाब कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी की उस सलाह के जवाब में दिया, जिसमें वह कह रहा था कि भारतीयों को बताना कि सीमा पार के लोग उनका ख्याल करते हैं और प्यार करते हैं। निस्संदेह, सत्ता के समीकरणों व सत्ता प्रतिष्ठानों की संकीर्ण कूटनीतियों के चलते दोनों देशों के अवाम के मन में गहरी कटुता पैदा होती है। किसी भी देश के सारे धर्मों के सभी लोग तंग नजरिये हों, ऐसा नहीं होता। लेकिन दोनों देशों के संबंधों के पुल को मजबूत करने के प्रयास लगातार जारी रहने चाहिए। बहरहाल, वर्ग विशेष की राष्ट्र के प्रति निष्ठा को लेकर सवाल खड़े करने वालों को जावेद अख्तर का पाकिस्तान में साहसिक ढंग से दिया गया जवाब एक नसीहत है। यह भी कि मौके पर सही बात को कहने का साहस होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि फलां देश ने मुझे बुलाया है तो उसके ही सुरों में बात की जाये। यद्यपि दोनों देशों में अतिवादी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। हालांकि, कार्यक्रम में जावेद अख्तर के बयान पर खूब तालियां बजी थीं, लेकिन अब तमाम लोग उनके बयान का विरोध भी कर रहे हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि उन्हें नहीं बुलाया जाना चाहिए था। वहीं भारत में भी अतिवादियों की कमी नहीं है जो कह रहे हैं कि पाक को घर में घुसकर मारा। वास्तव में दोनों देशों के अवाम में परिपक्व सोच का विकास होना चाहिए ताकि सत्तातंत्र की गढ़ी गई गुत्थियों की हकीकत का पता चल सके। यही वक्त की दरकार भी है जब धर्म-संप्रदाय की राजनीति के जरिये दूरियां बनाने को कोशिश हो रही है।वैसे फैज़ अहमद फैज़ की बेटी मुनीजा हाशमी द्वारा संचालित फैज़ फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यक्रम में जावेद अख्तर को पाकिस्तानियों ने धैर्य व संयम के साथ सुना। जावेद ने पाकिस्तानियों को बताया है कि जब भारत में फैज़ अहमद फैज़ आते थे तो उन्हें ऐसा सम्मान मिलता था जैसे कि कोई दूसरे देश का राष्ट्राध्यक्ष आया हो। उन्होंने आगे कहा कि हमने भारत में नुसरत फतेह अली खान और मेहदी हसन के बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित किये, लेकिन पाकिस्तान ने कभी लता मंगेशकर का कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया। साथ ही जावेद ने यह भी कहा कि हम एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय समस्या के समाधान की ओर बढ़ें। इसी कार्यक्रम में एक महिला ने जावेद अख्तर से कहा कि भारतीयों को यह भी बताइएगा कि पाकिस्तानी बुरे नहीं हैं, वे बम ही नहीं मारते, फूलों की माला भी पहनाते हैं और प्यार भी करते हैं। हम चाहते हैं कि इस इलाके में मोहब्बत फैले और लोग प्यार से रहें।

# आसान नहीं लीथियम उपलब्धता की राह

**जी-2 चरण उस खनिज स्रोत की निरंतरता के बारे में है और जी-1 चरण का अर्थ है विस्तृत खोज एवं खनन। कुल मिलाकर, भू-विज्ञान शब्दकोश मंच 'इन्फर्ड' से मतलब 'सूचक' या 'नपा-तुला' नहीं है। यदि जीएसआई स्वयं अपनी खोज को जी-3 चरण वाली बता रहा है, तब लीथियम की मात्रा इतनी सटीकता से कैसे बता सकता है? सही सिद्ध होने पर यह भंडार चिली के बाद दुनियाभर में लीथियम का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत होगा।**



खदान मंत्रालय ने हाल ही में घोषणा की कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने देश में लीथियम और सोने के भंडार खोज निकाले हैं और ऐसे लगभग 51 खनिज ब्लॉक राज्य सरकारों को सौंप दिए गए हैं। लीथियम की महत्ता के कारण यह सूचना भारतीय और विदेशी समाचारपत्रों की सुर्खी बनी। यह खनिज पदार्थ लीथियम-ऑयन बैटरियों का सबसे महत्वपूर्ण घटक है और स्मार्टफोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन तक अनेकानेक बैटरियों में प्रयुक्त होता है।

इस खनिज की मांग आगे भी बहुत बढ़ने वाली है क्योंकि विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया जीवाश्म ईंधन से हटकर सतत एवं स्वच्छ ऊर्जा की ओर पहल कर रही है और इस परिवर्तन में एक बड़ी भूमिका लीथियम बैटरियों की है, जो बारम्बार चार्ज होने और लंबे समय तक ऊर्जा का भंडारण करने में सक्षम हैं। इसीलिए लीथियम को अक्सर 'श्वेत सोना' या 'नवीन-तेल' भी कहा जाता है। खदान मंत्रालय ने पहचाने गए भंडारों में जिस भारी मात्रा में लीथियम (5.9 मिलियन टन) होने का जिक्र किया है, उसने विश्वभर को हैरान कर डाला है, क्योंकि अगर यह सच है तो विश्व के लीथियम-नक्शे में भारत 'कुछ भी नहीं' वाले पायदान से उठकर रातों-रात चोटी के 10 देशों में एक हो जाएगा। तो क्या इस घोषणा को लीथियम स्रोत की दौड़ में शामिल होने की औपचारिक प्रविष्टि माना जाए? पर, खुशियां मनाने से पहले जरा गहराई में झांक लें।खदान मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में प्रयुक्त शब्द दुविधा और विरोधाभास का आभास देते हैं। इसमें कहा गया 'जीएसआई ने पहली बार सत्यापित किया है कि जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के सलाल-हैमाना इलाके में 5.9 मिलियन टन 'लीथियम-इन्फर्ड' स्रोत (जी-3) हैं।' भूविज्ञान शब्दकोश में 'इन्फर्ड' (अनुमानित) विशेषण का प्रयोग उस खनिज स्रोत के लिए किया जाता है जिसकी भूगर्भीय उपस्थिति का तो पता हो, लेकिन उसे अभी एक 'प्रामाणिक' स्रोत नहीं कहा जा सकता और न ही इसके लगातार मिलते रहने का पक्का सुबूत होता है। अब इस 'इन्फर्ड' स्रोत की वास्तविक मात्रा (टनों में) कितनी होगी, गुणवत्ता श्रेणी और खनिज तत्व कितने होंगे, अनुमान के स्तर पर यह बहुत ज्यादा भरोसेमंद नहीं होता।संयुक्त राष्ट्र वर्गीकरण तंत्र और संबंधित खनिज तत्व नियमावली के तहत किसी खनिज की खोज के चार चरण होते हैं। इसमें जी-4 चरण का मतलब है-टोही-सर्वेक्षण के साथ खनिज होने का अपरोक्ष सुबूत। जी-3 चरण में अनुमान की व्याख्या का आधार भू-गर्भीय, भू-भौतिकीय, भू-रासायनिक आंकड़े होते हैं। जी-2 चरण उस खनिज स्रोत की निरंतरता के बारे में है और जी-1 चरण का अर्थ है विस्तृत खोज एवं खनन। कुल मिलाकर, भू-विज्ञान शब्दकोश मंच 'इन्फर्ड' से मतलब 'सूचक' या 'नपा-तुला' नहीं है। यदि जीएसआई स्वयं अपनी खोज को जी-3 चरण वाली बता रहा है, तब लीथियम की मात्रा इतनी सटीकता से कैसे बता सकता है? सही सिद्ध होने पर यह भंडार चिली के बाद दुनियाभर में लीथियम का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत होगा।हालांकि, दावा किया जा रहा है कि कश्मीर में 'खोज पहली मर्तबा है', परंतु इससे पहले, 1990 के दशक में भी, कश्मीर में लीथियम उपस्थिति के आरंभिक संकेत मिले थे और यह निष्कर्ष 800 से ज्यादा नमूनों के परीक्षण पर आधारित था, उस वक्त जीएसआई का कहना था कि 'इस सारी पट्टी में (जहां कहीं बॉक्साइट के उघड़े उर्ध्व-पार्श्व दिखाई देते हैं) वहां पर उच्च-मूल्य लीथियम भी है और बॉक्साइट वाला यह परिदृश्य रियासी जिले के सलाल-रनसूह क्षेत्र में सबसे अधिक है।' इससे विभाग को लगा कि इस इलाके में लीथियम होने की 'काफी संभावना' है। यह रिपोर्ट 1999 में तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को सौंपी गई थी। यह वही क्षेत्र है जिसको लेकर जीएसआई ने इस साल, फिर से, लीथियम की उपस्थिति होने की सूचना दी है और दावा 'पहली बार' खोज का किया जा रहा है। हाल तक, यानी जुलाई, 2022 में भी, सरकार को कश्मीर में लीथियम भंडार की संभावना का कुछ इल्म नहीं था। जब संसद में देश में लीथियम की उपस्थिति होने के बारे सवाल पूछा गया तो सरकारी जवाब में इसे अनुपस्थित बताया गया। भारतीय भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग यह भी कह रहा है कि उसने खोज सत्र 2022-23 में अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, नागालैंड और राजस्थान में 18 लीथियम खोजी अभियान चलाए हैं।ऊर्जा प्राप्ति में स्रोत परिवर्तन और परिवहन को इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए करने की ध्येयपूर्ति में भारत के लिए लीथियम की महत्ता के मद्देनजर सरकार को यह स्पष्ट करने की जरूरत है ।

कि लीथियम की स्वदेशी उपलब्धता कितनी है। किसी दुर्लभ खनिज की खोज, खोद निकालने, प्रसंस्करण और उत्पादन के लिए ढांचागत क्षमता बनाने में कई दशक लग सकते हैं।यह हमें आजादी उपरांत स्वदेशी परमाणु ऊर्जा विकसित करने लिए जरूरी खनिजों के मामले में भी दिखा था। पहले कदम के तौर पर, 1948 में होमी जे. भाभा की अध्यक्षता में परमाणु ऊर्जा आयोग का गठन हुआ। फिर केरल से मोनाजाइट नामक खनिज का निर्यात रोक दिया गया ताकि इससे स्वदेशी थोरियम निकाला जा सके। इसके लिए भारतीय दुर्लभ खनिज लिमिटेड नामक एक नई सार्वजनिक उपक्रम इकाई 1950 में बनाई गई। इसी समय होमी भाभा ने परमाणु खनिज निदेशालय स्थापित किया ताकि परमाणु कार्यक्रम के लिए जरूरी खनिजों की खोज हो सके। हवाई सर्वेक्षण टोही कार्यक्रम की शुरुआत भी हुई। आणविक ईंधन की पुनरुत्पत्ति हेतु हैदराबाद में परमाणु ईंधन परिसर स्थापित किया गया। होमी भाभा को अहसास हो गया था कि आपस में जुड़ी इन तमाम विधाओं में तकनीकी क्षमता पाए बगैर भारत अपनी परमाणु ऊर्जा रिएक्टर योजना में आगे नहीं बढ़ सकता। यह परमाणु खनिज निदेशालय था, जिसने कुछ साल पहले कर्नाटक में लीथियम की उपस्थिति खोज निकाली थी।बेशक जीएसआई और परमाणु खनिज निदेशालय लीथियम का वजूद खोजने में लगे हुए हैं, लेकिन शेष मूल्य संवर्धन शृंखला, जिससे देश के भीतर लीथियम का व्यावसायिक उत्पादन हो सकेगा, वह नदारद है। जीएसआई की प्रेस-विज्ञप्ति कहती है कि जिस इलाके में लीथियम होने की पहचान की गई है, उसको आगे विकसित करने लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन को सौंप दिया गया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि आगे का विकास कार्य राज्य प्रशासन की जिम्मेवारी होगी या फिर निजी कंपनियों को नीलाम किया जाएगा (कोयला और लौह-अयस्क खनन की भांति)। लीथियम उपस्थिति की मौजूदा शिनाख्त कार्य अभी आरंभिक स्तर पर है और खोज एवं खनन का चरण आना बाकी है। चिली-बोलिविया-अर्जेन्टाइना लीथियम-त्रिकोण से मिलने वाली मात्रा कुल वैश्विक उपलब्धि की 60 फीसदी हैङ्क और यह खारे पानी वाले इलाके से निकलता है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और चीन में लीथियम सख्त चट्टानी क्षेत्र में होने की पहचान हुई है। इधर कश्मीर में भी, यह बॉक्साइट चट्टानों के साथ पाया गया है। खनन तकनीक विविध किस्म की होती है और अत्यंत जटिल भी। अगला चरण होगा लीथियम निकालने और परिष्कृत करने की तकनीक विकसित करना, इसके बाद आता है ।

# खालिस्तान का खौफ या भिड़तंत्र का डर, आप सरकार की नियत पर सवाल ..!

भिंडरावाले कौन था क्या आप जानते है ? क्या आप जानते है पंजाब में सिद्धू मुसेवाला, दीप सिद्धू इत्यादि की हत्याओं का तार किससे जुड़ा है ? इन्हे फंडिंग कौन करता था ? क्या आपने कभी सोचा पाकिस्तान से लगने वाले पंजाब में सियासी हलचल क्यों हमेशा मुख्य धारा की राजनीति से बाहर की होती है ? यह भिंडरावाले दमदमी टकसाल में जत्थेदार था । अब ये दूसरा चर्चित खालिस्तानी अमृतपाल सिंह कौन है? दुबई में टैक्सी चलाता था ,अभिनेता दीप सिद्धू की मौत के बाद उसके संगठन वारिस पंजाब दे का प्रमुख बना और यह जिम्मेदारी उसे भिंडरावाले के गाँव में ही सौंपी गई थी ।भिंडरावाले को किसने शह दी ? सूत्र कह रहे कांग्रेस ने उसे बनाया, तराशा संजय गाँधी ने दिल्ली बुला कर बकायदा उसका इंटरव्यू ले कर उसे चुना था । उसे खुली छूट दी ,उसके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की ।अपने राजनीति प्रतिद्वंदीयों को हराने के लिए उसका दुरूपयोग किया । उसे इतना ताकतवर बना दिया कि एक दिन उसने अपने आकाओ को ही चुनौती दे डाली ।अमृतपाल सिंह को कौन शह दे रहा है? आम आदमी पार्टी उसे संरक्षण दे रही है । उसके संगठन को आर्थिक मदद और सामाजिक मान्यता दिलाने का काम आप ने किये ।उसके हिंसक क़दमों पर कार्यवाही नहीं की । भिंडरावाले की क्या मांग थी? एक अलग राष्ट्र खालिस्तान, अमृतपाल सिंह की क्या मांग है? एक अलग राष्ट्र खालिस्तान । भिंडरावाले ने क्या तरीका अपनाया? कानून व्यवस्था बर्बाद कर दी ।हिंसा की, हजारों हिन्दुओं को मरवाया, रजनीतिक हत्याएं करवाई । कई जाने माने लोगों को मरवाया । स्वर्ण मंदिर पर अवैध कब्ज़ा कर वहाँ हथियारों को इकठ्ठा किया. पाकिस्तान से फंडिंग और हथियार लिए । अमृतपाल सिंह क्या कर रहा है? । कानून व्यवस्था बर्बाद कर रहा है । हिंसा की धमकी दे रहा है, गृह मंत्री को इंदिरा गन्दी की तरह मारने की धमकी दे रहा है ।पुलिस पर हमले करवा रहा है ।भिंडरावाले का हश्र क्या हुआ?भारतीय सेना से लड़ते हुए मारा गया । अमृतपाल सिंह का क्या हश्र होगा? कह नहीं सकते ,लेकिन अगर



पंकज कुमार मिश्रा ( जौनपुर )

**अब ये दूसरा चर्चित खालिस्तानी अमृतपाल सिंह कौन है? दुबई में टैज़्सी चलाता था ,अभिनेता दीप सिद्धू की मौत के बाद उसके संगठन वारिस पंजाब दे का प्रमुख बना और यह जिज़्मेदारी उसे भिंडरावाले के गाँव में ही सौंपी गई थी ।भिंडरावाले को किसने शह दी ? सूत्र कह रहे कांग्रेस ने उसे बनाया, तराशा संजय गाँधी ने दिल्ली बुला कर बकायदा उसका इंटरव्यू ले कर उसे चुना था ।**

हिंसा करेगा तो वही होगा जो भिंडरावाले का हुआ था । भिंडरावाले ने कांग्रेस के साथ क्या किया ? रजनीतिक चुनौती दी ।

उधर हम लोग आज तक हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर जी को एक राजनयिक के रूप में अपने प्रतिपक्ष को जबाव देते हुए देखा है. लेकिन पिछले 3 दिनों से हमारे विदेश मंत्री जयशंकर जी को एक परिपक्व राजनेता के रूप में देख रहे हैं । हमारे विदेश मंत्री, एस. जयशंकर जी ने मंदबुद्धि को अपने अंदाज में चुन चुन कर जबाव देते हुए कहा है कि अगर राहुल गांधी जी के पास बेहतर ज्ञान और बुद्धि है तो मैं उनकी बात सुनने के लिए तैयार हूं ! उन्होंने हमारी सरकार को बार बार तंज कसते हुए कहा है कि, आप पाकिस्तान का नाम लेते हैं, मलेशिया का नाम लेते हैं, तुर्किये का नाम लेते हैं परंतु जब चाइना की बारी आती है तो तब, 56 इंच का सीना कहां चली जाती है ? क्या आपको चीन का नाम लेने के लिए डर लगता है ! तो में आपको बता देना चाहता हूँ कि, बॉर्डर पर आज जो हजारों की संख्या में हमारे सैनिक चीन सेना के आंख में आंख डालकर तैनात हुए हैं, तो उनको क्या राहुल गांधी जी ने भेजा है ! नहीं ना ! उन्हें मोदीजी ने भेजा है ,राहुल गांधी ने आपने बयानों में कहा कि चाइना का नाम क्यूं नहीं लेते , तो सुनिए में खुले तौर पर चाइना का नाम ले रहा हूं ङ्क चीन लद्दाख की पैंगॉन्ग त्सो लेक में चीन जहां पुल का निर्माण कर रहा है. आप की सरकार ने 1962 के युद्ध में वह इलाका चीन को दे दिया था ! और इसका दोश आप हम पर आज मढ़ रहे हैं ? जो इलाका चीन हमसे छीना है, उसे भी हम लेकर रहेंगे । विदेश मंत्री एस. जयशंकर जी ने, विदेशी मिडिया बीबीसी पर बार करते हुए कहा है कि, यदि बीबीसी गुजरात दंगे को लेकर यदि डॉक्यूमेंट्री बना सकता है तो, 1984 सीख दंगे पर बीबीसी की कोई डॉक्यूमेंट्री क्यों नहीं !

? यह उन छुपे हुए लोगों की राजनीति है, जिनमें राजनीतिक क्षेत्र में आने का साहस नहीं है। क्या धोया है एस. जयशंकर जी ने मंदबुद्धि वालक ओर उसके पूरे इकोसिस्टम को मान गए गुरू। कांग्रेस को पंजाब में नुकसान पहुंचायाऔर अपनी मौत के बाद इंदिरा गाँधी की हत्या का कारण भी बना ।

अमृतपाल सिंह आम आदमी पार्टी के साथ क्या करेगा? यह भी आम आदमी पार्टी के कब्जे से बाहर निकलेगा और जल्दी ही वह समय आएगा जब यह केजरीवाल की आप को चुनौती देगा और हो सकता है पंजाब में आम आदमी पार्टी के समूल नाश का कारण भी बने , भिंडरावाले के कारण पंजाब को क्या नुकसान हुआ? पंजाब कई दशकों एक आतंकवाद झेलता रहा । विकास नहीं हुआ । कई पीढ़ीयाँ बर्बाद हो गई । देश छोड़ गई , सिख विरोधी दंगों के कारण हजारों मारे गए ,लाखों विस्थापित हो गए ,लाखों जिंदिगियो पर उम्र भर का दंश लग गया,पंजाब को इसे दुष्प्रभाव से उबरने में दशकों लग गए । अमृतपाल सिंह के कारण पंजाब को क्या नुकसान हो सकता है? पंजाब एक बार फिर से कई दशक पीछे चला जायेगा ,प्रदेश से पलायन होने लगेगा । काम धंधे बंद हो जाएंगे । एक आम पंजाबी बर्बाद हो जायेगा ।

## भोजपुरी फिल्म प्यार भईल हिंदुस्तान से प्रदर्शन के लिए तैयार




आशुतोष इंटरप्राइजेज की नवीनतम प्रस्तुति भोजपुरी फिल्म प्यार भईल हिंदुस्तान से अब बहुत जल्द ही सिनेदर्शकों तक पहुँचने वाली है। प्रदर्शन के लिए तैयार इस भोजपुरी फिल्म का फर्स्ट लुक पिछले दिनों जारी किया जा चुका है। फिल्म के फर्स्ट लुक और टाइटल से यह प्रतीत होता है कि फिल्म देशभक्ति से प्रेरित है जिसमें एक अनोखी प्रेम कथा भी शामिल है। मुन्ना दुबे के गीत संगीत से सजी इस फिल्म के लेखक अनिल विश्वकर्मा, एक्शन डायरेक्टर जनक व शंकर, कैमरामैन महेन्द्र थापा, आर्ट डायरेक्टर राम बाबु ठाकुर, एडिटर राजेश शाह, नृत्य निर्देशक अशोक मईती, प्रचारक समरजीत व संजय भूषण पटियाला और कार्यकारी निर्माता राजीव रंजन कुमार व प्रियरंजन कुमार यादव हैं। इस फिल्म के मुख्य कलाकार विराज भट्ट, गुंजन पंत, प्राची सिंह, बृजेश त्रिपाठी, गिरीश शर्मा और हेमंत बिरजे आदि हैं। संजय कुमार यादव द्वारा निर्मित और गोपाल पाठक द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग नेपाल में हुई है।

**प्रस्तुति-काली दास पाण्डेय**

# बुद्धिमान और मूर्ख को उसके मानवीय व्यक्तित्व



एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

गोंदिया । आज के पश्चिमी संस्कृति युग की ओर बढ़ते कदमो से भारतीय संस्कृति भी चपेट में आती आ रही है। यह भूमि राम लक्ष्मण श्रवण भगत प्रल्हाद जैसे महापुरुषों की है, जिन्होंने अपने माता-पिता के एक शाब्दिक आदेश को पत्थर की लकीर मानकर अपना जीवन समर्पित कर दिया था, ऐसे हैं हमारी ईश्वरीय दिव्यशक्ति प्राप्त संतो महात्माओं महापुरुषों बुद्धिजीवियों की भारतीय भूमि जिसे हम नमन करते हैं। परंतु बहुत पीड़ा के साथ लिखना पड़ रहा है कि वर्तमान युग की युवा पीढ़ी में बहुत से मनीषियों के बीच प्रथा चल पड़ी है कि हम ही ज्ञान-विज्ञान अनुभव के बादशाह हैं? हमारे माता-पिता बुजुर्गों को क्या समझता है? उनका दिमाग उम्र के साथ सठिया गया है, पुरानी सोचते हैं नई सोच में ढल नहीं पा रहे हैं, उनको क्या समझता है? इस प्रकार के वाक्य आज के फैशन के अंदाज में कामन हो चुके हैं। मेरा मानना है कि पीड़ित साथी अगर यह आर्टिकल पढ़ रहे होंगे तो मेरा मेरी संवेदनाओं को समझ रहे होंगे जो उन पीड़ित साथियों के लिए है। आज वह समय आ गया है कि बच्चों को कुछ अपने अनुभवों के ज्ञान के मूल मंत्र बताओ या सिखाओ तो, गवार की गाली हंस कर डाली तुल्य, टाल दिया जाता है, हमारे विचारों पर चलने की बात बोली जाती है, दिशानिर्देश सुझाव को हवा में उड़ा दिया जाता है, अपने तथाकथित आधुनिक जीवन के अनुसार माता-पिता व बुजुर्गों को ढालने के लिए उकसाया जाता है, जो उन माता पिता बुजुर्गों की नज़र में नुकसानदेह है।यानेंउसके दूरगामी दुष्परिणाम होना निश्चित है, परंतु आधुनिक पाश्चात्य संस्कृति युग की विचारधाराओं के बहकावे में आए वे युवा कुछ समझने को तैयार नहीं है, परंतु मेरा मानना है कि उन युवाओं को याद रखना चाहिए जिन्होनें माता-पिता बुजुर्गों से जीवन के मूल मंत्र सीखना टाल दिया है, उन्हें समय का चक्र अपनी स्टाइल में सबक ज़रूर सिखाएगाहालांकि कोई माता-पिता बुजुर्ग यह नहीं चाहेगा कि उनके बच्चोंके जीवन में कोई तकलीफ हो, परंतु दीड बच्चे अगर सीखना नहीं चाहे तो समयचक्र का डंडा चलना निश्चित है, यह बात उनको समझ में तब आएगी जब चिड़िया चुग गई खेत वाला मुहावरा होगा, याने माता पिता बुजुर्ग सभी इस लोक पर नहीं परलोक धाम गमन कर गए होंगे, तब उन्हें उनकी बात जाकर समझ में आएगी, परंतु तबतक बहुत देर हो चुकी होगी फ़िर कुछ नहीं होगा, समय चक्र की पीड़ा को सहन करना ही पड़ेगा। इसलिए आज भी समय है जो हमारे युवक साथीयों के पास ऑप्शन है, अभी भी अपने माता पिता बुजुर्गों के जीवन के मूल मंत्र अनुभव के अनुसार चलकर अपने दीर्घायु दिव्यकालीन जीवन को सफल बनाएं।

साथियों अगर हम आज के परिपेक्ष में युवाओं की करें तो, आज की भौतिकवादी पीढ़ी में विवाहोपरांत युवक अपने निजी स्वार्थों में इतना लिप्त हो जाते हैं कि वे अपने बूढ़े माता-पिता की सेवा तो दूर अपितु उनकी उपेक्षा करना प्रारंभ कर देते हैं । यह निस्संदेह एक निंदनीय कृत्य है । उनके कर्मों व संस्कार का प्रभाव भावी पीढ़ी पर पड़ता है । यही कारण है कि समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है टूटते घर-परिवार व समाज सब इसी अलगाववादी दृष्टिकोण के दुष्परिणाम हैं। आज संसार में यदि हमारा कुछ भी अस्तित्व है या हमारी इस जगत में कोई पहचान है तो उसका संपूर्ण श्रेय हमारे माता-पिता को ही जाता है।यही कारण है कि भारत के आदर्श पुरुषों में से एक राम ने माता-पिता के एक इशारे पर युवराज पद का मोह त्याग दिया और वन चले गए थे।

साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति में माता-पिता के मूल्यों की करें तो, माता-पिता की सेवा द्?वारा प्राप्त उनके आशीर्वाद से मनुष्य जो आत्म संतुष्टि प्राप्त करता है वह समस्त भौतिक सुखों से भी श्रेष्ठ है। मातृदेवो भव, पितृदेवो भव वाली वैदिक अवधारणा को एक बार फिर से प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता है ताकि हमारे देश का गौरव अक्षुण्ण बना रहे। अधिकांश संस्कृतियों में, आमतौर पर वयस्क बच्चों द्वारा बुजुर्ग माता-पिता की कुछ देखभाल की अपेक्षा की जाती है। ये उम्मीदें बुजुर्ग माता-पिता या वयस्क बच्चों के बीच, सामाजिक मानदंडों में और राज्य-वित्त पोषित घरेलू सहायता के लिए आवंटन निर्णयों के अभ्यास में पाई जा सकती हैं। अलग-अलग पार्टियों की अपेक्षाएं अक्सर अभिसरण नहीं होती हैं, जिससे यह सवाल उठता है कि वयस्क बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता के बीच संबंधों में क्या उम्मीदें वैध हैं।

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।**

**- सज़्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सज़्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

# इरफान सोलंकी की एमपी एम एल ए कोर्ट में पेशी, धक्का मुक्की, गिरते बचे



बीपीएस न्यूज

कानपुर। महिला के प्लाट मे आगजनी के आरोपी सपा विधायक इरफान सोंलकी को शुक्रवार को एक बार फिर महाराजगंज पुलिस से एमपीएमएल कोर्ट लेकर पहुंची। हालाकिं जज के छुट्टी पर होने की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। अब उनकी सुनवाई 4 मार्च को होगी। कोर्ट से बाहर आते वक्त सपा विधायक एक बार पुराने तेवर में मुस्कुराये और तंज कसते हुए शायराना अंदाज में कहा कि फानूस बनकर जिसकी हिफाजत हवा करे, वो शमा क्या बुझे जिसे रोशन खुदा करे। विधानसभा सत्र के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर जहां समाजवादी पार्टी के राट्रीय अध्यक्ष अखलेश यादव ने सरकार को घेरा है तो वहीं उनके विधायक पर संगीन मुकदमें दर्ज है। कोर्ट से बाहर आते वक्त मीडिया के सवालों को दो शब्दों में समेटते हुए कहा कि वक्त आने पर हर फैसले का फैसला होगा। मुस्कुरा कर पुलिस वैन में बैठ गये। उनसे मिलने उनके परिवार से सिर्फ दो लोग पहुंचे थे।

सपा विधायक इरफान सोलंकी को शुक्रवार को महाराजगंज जेल से कानपुर की फास्ट ट्रैक कोर्ट लाया गया। यहां से उन्हें अगली तारीख 4 मार्च मिली है। इसके बाद उन्हें एक दूसरे मामले में पेशी के लिए तृतीय की कोर्ट लाया गया। अधिवक्ता गौरव दीक्षित और प्राची श्रीवास्तव ने बताया कि फर्जी आधार कार्ड मामले में आरोप तय होने थे। प्रार्थना पत्र आने से आरोप तय नहीं हो सके। अगली तारीख पर आरोप मुक्त के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई होगी। बीते दिनों कोर्ट ने इरफान, रिजवान और मो. शरीफ की ओर से दाखिल आरोप मुक्ति की अर्जी को खारिज कर दिया था इरफान की पेशी को देखते हुए कानपुर कचहरी को छावनी में तब्दील कर दिया गया। इस बार 50 महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। बॉर्डर से लेकर कोर्ट के बीच में तीन टीमें और अलग-अलग 8 प्वाइंट्स पर तैनात किया गया। दरअसल, पिछली पेशी के दौरान इरफान के समर्थकों के चलते व्यवस्था बिगड़ गई थी। इसीलिए इस बार सुरक्षा को पूरी तरह से चाक-चौबंद रखा गया। कचहरी के चारों तरफ भी पुलिस की तैनाती की गई। इसके अलावा कचहरी के आस-पास छह इंस्पेक्टरों की ड्यूटी लगाई गई।

# दो दरोगा और एक सिपाही ने कारोबारी के साथ दिया लूट कांड को अंजाम



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सचेंडी थानाक्षेत्र में पुलिसकर्मियों द्वारा अजब कारनामा कर डाला। दो दरोगा और एक सिपाही ने मिलकर व्यापारी से 5,30 लाख रुपये लूट लिए। इस मामले में तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। व्यापारी की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

कानपुर में यूपी पुलिस ने एक बार फिर ऐसा कारनामा किया, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। दो दरोगा और एक सिपाही ने मिलकर एक हार्डवेयर कारोबारी से 5,30 लाख रुपये लूट लिए। कारोबारी के विरोध करने पर उसे फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी और पीटा भी। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने जांच शुरू कराई तो मामला सही मिला। तीनों पुलिस वालों को निलंबित कर गिरफ्तार कर लिया गया है। अब तीनों की बर्खास्तगी की तैयारी की जा रही है। वारदात में शामिल दो पुलिस वाले डीसीपी वेस्ट की स्वाट टीम में और एक दरोगा सचेंडी थाने में तैनात था। कानपुर देहात के सिकंदरा निवासी हार्डवेयर कारोबारी सत्यम शर्मा बुधवार की रात लगभग आठ बजे आठ बजे 5,30 लाख लेकर उन्नाव जनपद से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में दीपू चौहान के ढाबे के पास कारोबारी को डीसीपी वेस्ट कार्यालय में तैनात दरोगा यतीश कुमार, हेड कांस्टेबल अब्दुल और सचेंडी थाने में तैनात दरोगा रोहित सिंह ने रोक लिया। इसके बाद कारोबारी को धमकाया गया और मारपीट कर उसके पास मौजूद 5,30 लाख रुपये लेकर पुलिस वाले फरार हो गए। गुरुवार को कारोबारी सचेंडी थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने इंस्पेक्टर से जांच कराई तो मामला सही पाया गया। जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने तीनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन्होंने बताया कि दरोगा यतीश कुमार और हेड कांस्टेबल अब्दुल राफे सादे कपड़ों में थे, जबकि दरोगा रोहित सिंह ने वर्दी पहन रखी थी। मुखबिरी जुआरियों से पुलिस को कारोबारी के पास 5 से 6 लाख रुपये होने की सूचना पहले से ही मिल गई थी। इस कारण वे तीनों पहले से ही गाड़ी में सवार होकर दीपू चौहान ढाबा के पास पहुंच गए और कारोबारी के वहां पर आने के साथ ही उसे घेर लिया था। हार्डवेयर कारोबारी द्वारा शिकायत में जानकारी दी गई कि जब ढाबे के पास पहुंचा तो पुलिसकर्मियों ने उसे घेर लिया उससे कहा कि उन्नाव में जुआ खेलकर मोटी रकम जीती है। एक पुलिसकर्मी ने उससे कहा कि इसे यहीं से गिरफ्तार कर सीधा जेल भेज दो। यह कहकर उन लोगों ने कारोबारी को घेर लिया और मारपीट करने लगे और रुपए लूटकर भाग निकले। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि पहले तो वह समझ नहीं पाया कि वह पुलिसकर्मी हैं, मगर उनमें से एक ने वर्दी पहन रखी थी। घटना की जानकारी कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों को दी गई। उनके निर्देशन में इंस्पेक्टर को जांच दी गई। अब पुलिस उन जुआरी मुखबिरों को भी तलाश रही है।

## फसलों में जैव उर्वरकों विषय पर किसानों के लिए एडवाइजरी जारी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के शोध निदेशालय के सहायक निदेशक शोध डॉ मनोज मिश्र ने जायद में दलहनी फसलों में जैव उर्वरकों की उपयोगिता विषय पर किसानों हेतु एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि भारत दलहनी फसलों का प्रमुख उत्पादक देश है। दलहनी फसलों में जैव उर्वरकों के प्रयोग करने से वायुमंडल में उपस्थित नत्रजन पौधों को अमोनिया के रूप में सुगमता से उपलब्ध होती है। उन्होंने बताया कि जीवाणु प्राकृतिक हैं। इनके प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। पर्यावरण पर विपरीत असर भी नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा जैव उर्वरक रासायनिक उर्वरकों के पूरक भी हैं। डॉक्टर मिश्र ने सलाह दी है कि जायद फसल में मूंग एवं उड़द की बुवाई का समय चल रहा है इसके लिए किसान भाई बुवाई के पूर्व बीजों को राइजोबियम कल्चर से उपचारित करने के बाद बुवाई करें।डॉ. पाल ने कहा कि 10 किलोग्राम बीज के लिए एक पैकेट( दो सौ ग्राम) मूंग या उड़द के कल्चर को फसल के अनुसार लेकर आधा लीटर पानी में 50 ग्राम गुड़ या चीनी डालकर गर्म करते हैं।

# 5 मार्च तक घर- घर जाकर खोजे जायेंगे टीबी मरीज



बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सक्रिय टीबी रोगी खोजो अभियान (एसीएफ) शुक्रवार से शुरू हो गया। इस बार मलिन बस्तियों व उच्च जोखिम जनसंख्या (एचआईवी एवं डायबिटीज़) की कुल आबादी के सापेक्ष 20 प्रतिशत यानी 9.82 (9,82,441) लाख को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। उधर, चार दिनों तक उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जेल, नवोदय विद्यालय, मदरसा और वृद्धाश्रम में टीमों ने टीबी रोगियों की खोजबीन की। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ एपी मिश्रा ने बताया कि जनपद में 24 फरवरी से पांच मार्च तक सक्रिय टीबी रोगी खोजे जाएंगे। इस अभियान में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों, मलिन बस्तियों आदि पर ज़ोर दिया जा रहा है। उन्होंने जनमानस से अपील की कि टीबी रोग छिपाने से ठीक नहीं होगा। टीबी के लक्षण दिखने पर जल्द से जल्द जांच करानी चाहिए। टीबी की पुष्टि होने के बाद डॉक्टर के परामर्श पर सम्पूर्ण उपचार के साथ पूरी तरह से ठीक हो सकता है। एनटीईपी के जिला कार्यक्रम समन्वयक राजीव सक्सेना ने बताया कि समाज में कुछ ऐसे क्षयरोगी हैं जो अज्ञानता और भय के कारण सामने नहीं आ रहें हैं। ऐसे छुपे हुए लोग खुद तो बीमारी का शिकार होते ही हैं और दूसरों को भी प्रभावित करते हैं। ऐसे ही छुपे हुए लोगों को खोजने और उनको सही परामर्श देकर इलाज कराने हेतु यह अभियान जनपद की कुल 12 टीबी यूनिट के माध्यम से शुरु हो गया है। अभियान के लिए कुल चिन्हित क्षेत्रों के 1,96,488 घरों में क्षय रोगियों की खोज के लिए 255 टीम तैयार की गई हैं, जो घर-घर जाकर टीबी रोगियों को खोजने का कार्य कर रही हैं। इस दौरान 50 सुपरवाइजर और 11 मेडिकल ऑफ़िसर लगे हैं जो टीमों की निगरानी कर रहे हैं । टीम के निरीक्षण में लक्षण मिलने पर सर्वे टीम उसी समय व्यक्ति के बलगम का नमूना लेकर जांच के लिए भेजेंगी। रोग की पुष्टि होने पर दो दिन के भीतर व्यक्ति का उपचार शुरू हो जाएगा। यदि व्यक्ति में रोग की पुष्टि होती है तो सर्वे टीम को 600 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी ।उन्होंने जनमानस से अपील की कि अभियान के दौरान अगर टीम किसी के दरवाजे पर पहुंचती है तो उनका सहयोग करें, सही जानकारी प्रदान करें, ताकि क्षय रोगियों का चिन्हीकरण करके उसका इलाज कराया जा सके और जिले को क्षय मुक्त बनाया जा सके। इलाज के लिए जिले में उपलब्ध सुविधाएं राजीव सक्सेना ने बताया कि जिले में कुल 26 टीबी यूनिट हैं। 42 माइक्रोस्कोपिक सेंटर हैं जहां बलगम की जांच होती है। चार सीबीनाट व 13 ट्रूनाट मशीन हैं। चार बेड का डीडीआरटीबी एक सेंटर है। वर्तमान समय में जिले में आठ हज़ार के करीब क्षय रोगी हैं। सभी को निक्षय पोषण योजना के तहत 500 रुपये उनके खाते में दिए जा रहे हैं।

# तीन दिवसीय रोजगार मेले का शुभारंभ



बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में पीएम-स्वनिधि योजना तथा रोजगार मेला के आयोजन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में समस्त बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि रोजगार मेला में समस्त बैंक स्वतः रोजगार योजना के लम्बित ऋण आवेदन पत्रों का निस्तारण करके मौके पर ही आवेदकों को ऋण वितरित करें तथा प्लेसमेण्ट एजेन्सीज/कम्पनियां अधिक से अधिक लाभार्थियों का प्लेसमेण्ट करना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि रोजगार मेला में ही पीएम-स्वनिधि योजनान्तर्गत स्वीकृत आवेदन पत्रों का निस्तारण कर वेण्डर्स को ऋण वितरित कराना सुनिश्चित करायें।

परियोजना अधिकारी डूडा तेज कुमार ने बताया है कि आईटीआई, पाण्डु नगर में 25 से 28 फरवरी (रविवार अवकाश को छोडकर) तीन दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ सांसद सत्यदेव पचैरी द्वारा शनिवार को पूर्वान्ह किया जायेगा। रोजगार मेला में समस्त बैंकर्स एवं प्लेसमेण्ट एजेन्सीज और कम्पनियां उपस्थित रहेगें।

बैंकों द्वारा राष्टीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वतः रोजगार योजना एवं सीसीएल के आवेदकों का रोजगार करने हेतु ऋण स्वीकृत/वितरित किया जायेगा। कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित लाभार्थियों को विभिन्न कम्पनियों/प्लेसमेण्ट एजन्सीज के माध्यम से प्लेसमेण्ट किया जायेगा। स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड अवमुक्त किया जायेगा।

# एयरफोर्स में अग्निवीर बनने के लिए शुरू हो रहा फिजिकल व मेडिकल परीक्षण

## परीक्षा में युवको के साथ युवतियां भी होंगी शामिल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारत सरकार द्वारा युवाओ के लिए अग्निपथ योजना का आरम्भ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जायेगा और अग्निपथ योजना के अंतर्गत नियुक्त किए गए युवकों को अग्निवीर कहा जायेगा। इस योजना के अंतर्गत अग्निवीर 4 वर्षो तक अपनी सेवाएं प्रदान कर सकता है, जिन्हे 30 हजार रू0 प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जायेगा साथ ही अग्निवीरों को वह सभी लाभ भी प्रदान होंगे जो अन्य सैनिकों को प्रदान किये जाते है।

एयरफोर्स में अग्निवीर बनने के लिए आज 25 फरवरी से चार मार्च के बीच फिजिकल व मेडिकल परीक्षण कराये जायेंगे। यह भर्ती प्रक्रिया एयरफोर्स मैदान कानपुर में कराई पूर्ण कराई जायेगी। बताया जाता है कि इस भर्ती में एक दिन में 300 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसमें युवतियां भी होगी, यदि किसी कारण से परीक्षा नही हो पाती है तो इसके लिए एक अतिरिक्त दिन आरक्षित किया गया है। इस भर्ती के सम्बन्ध में पूर्व में कलेक्ट्रेट सभागार में पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में समीक्षा की गयी थी। अग्निवीर जवानों की पुरानी चयन प्रयिा को बदल दिया गया है तथा अब भर्ती होने वाले उम्मदीवारों के लिउ पहले ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस रखा गया है, जिसमें सफल उम्मीदवारों का फिहजकल और मेडिकल टेस्ट लिया जा जायेगी। इस भर्ती में महिला व पुरूष दोनों कैंडिडेट आवेदन कर पायेंगे। बदली हुई चयन प्रक्रिया में पहली बार एंट्रेस एब्जाम का अप्रैल में आयोजन किया जा सकता है। यह प्रवेश परीक्षा देश भर के 200 से अधिक स्थानों पर आयोजित की जा सकती है।

# नगर आयुक्त ने किया नमक फैक्ट्री चौराहे से छपेड़ा पुलिया व गुमटी नं. 9 तक ग्रीनबेल्ट का निरीक्षण



बीपीएस न्यूज

कानपुर। नगर निगम के नगर आयुक्त श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा दिनांक 23.02.2023 को नमक फैक्ट्री चौराहे से छपेड़ा पुलिया होते हुए 9नं0 गुमटी तक विकसित हो रही ग्रीनबेल्ट का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के समय श्री मयंक यादव जोनल अधिकारी, श्री दिवाकर भास्कर जोनल अभियन्ता, डा0 वी0के0 सिंह उद्यान अधीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। निरीक्षण के दौरान कतिपय बिन्दुओं पर मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये-

निरीक्षण के दौरान नमक फैक्ट्री चौराहे से छपेड़ा के बीच ग्रीनबेल्ट में एक स्थान जनरेटर रखा हुआ पाया गया तथा कई स्थान पर अस्थायी अतिक्रमण भी पाया गया। इसी प्रकार छपेड़ा पुलिया के पास ग्रीनबेल्ट के अन्दर होर्डिंग्स लगी हुयी पायी गयी तथा 9नं0 गुमटी तक कई अस्थायी अतिक्रमण ग्रीनबेल्ट के अन्दर पाये गये ।इस सम्बन्ध में पूर्व में भी अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश जोनल अधिकारी-6 एवं उद्यान अधीक्षक को दिये गये थे, परन्तु आपसी सामन्जस्य न होने के कारण संदर्भित अतिक्रमण अभी तक स्थिर है। मौके पर श्री मयंक यादव, जोनल अधिकारी एवं डा0 वी0के0 सिंह उद्यान अधीक्षक को कारण बताओं नोटिस निर्गत करने के आदेश देते हुए निर्देशित किया गया कि ग्रीनबेल्ट के अन्दर व उसके आसपास अतिक्रमण को तत्काल ध्वस्त किया जाय। नीरक्षीर चौराहे के पास स्थित ग्रीन बेल्ट के सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन नगर आयुक्त श्री शिवशरणप्पा जी एन द्वारा आज दिनांक 23 फरवरी 2023 को किया गया। शहर के ग्रीन बेटों के सुंदरीकरण के दिशा में नगर निगम का एक और प्रयास है। हरित पट्टिका की सफाई कराते हुए रंगाई पुताई भी कराई जाएगी । उसके उपरांत पेड़ पौधे लगाकर पूरी हरित पट्टिका को हरियाली से आच्छादित की जाएगी।

# मानक के विपरीत बनीं तीन बिल्डिंगों पर चला बुलडोजर, भारी पुलिस फोर्स रही मौजूद

**• हाईकोर्ट से स्टे होने के चलते गेस्ट हाउस पर नहीं हुई कार्रवाई**



बीपीएस न्यूज

कानपुर। कल्याणपुर क्षेत्र के अंतर्गत केशवपुरम में मानक के विपरीत बनीं कई बिल्डिंगों पर आवास विकास का बिल्डोजर गरजा। नेगी गेस्ट हाउस पर भी गुरुवार दोपहर आवास विकास के अफसर बुलडोजर लेकर पहुंचे, लेकिन हाईकोर्ट से स्टे होने के चलते बैरंग लौटना पड़ा। इसके बाद अफसरों ने मानक के विपरीत बनीं तीन बिल्डिंगों पर बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण तोड़ा। इस दौरान कल्याणपुर थाने का पुलिस फोर्स भी मौजूद रही। इसके चलते बिल्डिंग मालिक चाह कर भी कार्रवाई को रोक नहीं सका।

आवास विकास के अधिशासी अभियंता अभिषेक राज ने बताया कि केशवपुरम में नेगी गेस्ट हाउस समेत चार बिल्डिंग नक्शे के विपरीत बनी हैं। गेस्ट हाउस मालिक गजेंद्र नेगी को हाईकोर्ट से स्टे मिल गया है। इसके चलते उनकी बिल्डिंग के अवैध हिस्से को नहीं तोड़ा गया। इसके अलावा आवास विकास की नक्शे के विपरीत बनीं तीन बिल्डिंगों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर से गिराने की कार्रवाई की गई।

इस संबंध इन सभी बिल्डिंग मालिकों को कई बार नोटिस दिया गया। लेकिन उन्होंने इसमें सुधार नहीं कराया। इसके चलते गुरुवार को पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अवैध हिस्से को बुलडोजर से गिराने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान मकान मालिक और उनके सहयोगियों ने जेसीबी चलाने का विरोध भी किया। इसके साथ ही कार्रवाई को रोकने की कोशिश की। लेकिन साथ में मौजूद कल्याणपुर एसीपी विकास पांडेय, थाना प्रभारी देवेंद्र दुबे ने भारी पुलिस फोर्स के साथ कार्रवाई को प्रभावित नहीं होने दिया।

## दोस्तों से संबंध बनाने को कहता पति

कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र में महिला ने अपने ही पति पर संगीन आरोप लगाए हैं। प्रेम विवाह करने के बाद जेवरात और रुपये हड़प लिए। इसके बाद अपने दोस्तों से संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता ने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है। मूलरूप से रायबरेली निवासी महिला के अनुसार, वह बिरहाना रोड में रहकर नौकरी करती थी। वहां पर अहिरवां निवासी एक युवक भी काम करता था। दोनों ने तीन साल पहले प्रेम विवाह किया। महिला ने बताया कि आरोपित उसे अहिरवां में किराये के मकान में रहने लगा। साथ ही उसने व्यापार करने के नाम पर उससे जेवर और रुपये हड़प कर लिए। इसके बाद भी आरोपी उस पर दोस्तों के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाता है। विरोध पर धमकी देता है। पीड़िता ने बताया कि कई बार घर में दोस्तों को बुलाकर उसके साथ छेड़खानी भी कराई। कुछ माह पूर्व आरोपी ने दूसरा विवाह कर लिया। इस जानकारी का पीड़ित महिला ने विरोध किया। इस पर आरोपी ने महिला को घर से भगा दिया और धमकी भी दी। थाना प्रभारी अंजन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# नही की गयी कार्यवाही तो अवैध बिल्डिंग के सामने देंगे सामूहिक धरना



बीपीएस न्यूज

कानपुर। अपना दल (एस) के नगर अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव द्वारा पूर्व में की गयी वार्ता में नगर में हो रहे अवैध निर्माण और अवैध बिल्डिगों का विषय उठाया था और कानपुर विकास प्राधिकरण तथा अन्य अधिकारियों को आगाह किया था कि 72 घंटे में केडिए के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा जो भी अवैध बिल्डिंगों का निर्माण हुआ है और मानकों को खिलाफ हुआ है उनपर कार्यवाही हो साथ ही वर्तमान में हो रहे अवैध निमाणों को रोकने की भी कार्यवाही की जाये।

नगर अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी मांग की ओर विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया गया और निरन्तर शहर में अवैध निर्माण धडल्लें से कराया जा रहा है। नवीन ने बताय कि संगठन द्वारा अवैध बिल्डिंगों तथा हो रहे अवैध निर्माणों को चिन्हित कर लिया गया है साथ ही अधिकारी ऐसे अवैध निर्माणों पर कार्यवाही करे अन्यथा संगठन के लोग संगठित होकर ऐसी अवैध बिल्डिंगों के सामने सामूहिक धरना देगें, जिसकी जिम्मेदारी केडीए के अधिकारियों की होगी।

# हादसे में बाइक सवार दो गंभीर घायल

घाटमपुर। नगर के मुगल रोड स्थित दूध डेरी के पास दो बाइको की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रहगीरो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में दोनो को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के बिहूपुर गांव निवासी 32 वर्षीय अंकित पुत्र बब्लू निजी काम से घाटमपुर चौराहा आए थे, गुरुवार दोपहर वह बाइक से वापस गांव लौट रहा था, तभी थाना क्षेत्र के भोगनीपुर-चौडगरा मार्ग स्थिति दूध डेरी के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार फतेहपुर जिले के बुढ़वा गांव निवासी 55 वर्षीय महावीर से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनो लोगों को गंभीर चोटें आई।

# केस्को एमडी ने कानपुर का संभाला चार्ज



**बीपीएस न्यूज**-कानपुर। नए केस्को एमडी सैमुअल पी ने जिले का कार्यभार सम्हाल लिया पत्रकार वार्ता में बताते हुए उन्होंने कहा जिले में आने से पूर्व अंबेडकरनगर में डीएम के पद पर थे तैनात कानपुर केस्को की जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने कहा स्मार्ट सिटी के लिए कानपुर केस्को भी कानपुर नगर के लिए एक अच्छी और बेहतर शुरुआत जो भी जनहित के लिए होगा करेंगे उपभोक्ताओं को त्योहारों पर 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाएगी किसी भी तरह का फाल्ट होने पर 2 से 3 घंटे के अंदर सप्लाई चालू करा दी जाएगी जनता से आग्रह है किसी भी तरह की परेशानी होने पर टोल फ्री नंबर पर शिकायत अवश्य दर्ज कराएं।

# विलादत इमाम हुसैन धूम-धाम से मनाया गया

बीपीएस न्यूज

कानपुर। खानकाहे हुसैनी के ज़ेरे एहतिमाम पैगम्बर ए इस्लाम के नवासे, मौला अली के शाहबज़ादे, शहीद ए आज़म हज़रत इमाम हुसैन की यौम ए विलादत पर जशन ए इमाम हुसैन परम्परागत ढंग से सदभाव भाईचारे शान ओ शौकत अकीदत के साथ खानकाहे हुसैनी हज़रत ख्वाजा सैय्यद दाता हसन सालार शाह की दरगाह कर्नलगंज ऊँची सड़क पर मनाया गया।जशन ए इमाम हुसैन की शुरुआत हाफिज मोहम्मद कफील हुसैन ने तिलावते कुरान पाक से की। शोरा ए कराम ने नात मनकबत पेश की जिसमे दुनिया हुसैन की है ज़माना हुसैन का, है आरज़ू वहा भी मिले दर हुसैन का।उलेमाओं ने इमाम हुसैन की जिन्दगी और उनके बताये हुये रास्ते पर चलने व नमाज़ की पाबंदी पर जोर दिया इस्लाम मे पानी की एहमियत बया की व सभी से पानी को ज़रुरत के मुताबिक ही खर्च करने की हिदायत देते हुये बेवज़ह पानी बहाना को बहुत बड़ा गुनाह बताया, बुराईयो को दूर करने का हल अल्लाह का घर चलो नमाज़ पढ़े।

इमाम हुसैन हक़ और सच के लिये शहीद हुये जो पूरी दुनिया के लिए हमेशा मिसाल बनी रहेगी। उलेमाओं ने इमाम हुसैन जिन्दाबाद के नारे बुलंद किये विलादते ईमाम हुसैन पर खुशिया और जशन मनाने का दिन है खिताब के बाद दरुदो सलाम का नज़राना पेशकर नज़र इमाम हुसैन होने के बाद दरगाह की गुलपोशी इत्र केवड़ा संदल लगाकर किया और दुआ हुई ।दुआ मे खादिम खानकाहे हुसैनी ने अल्लाह की बारगाह मे मदीने वाले आक़ा इमाम हुसैन के सदके मे हम सबको हज़रत इमाम हुसैन के बताये रास्तो पर चलने, नमाज़ की पाबंदी करने, दुनिया व मुल्क मे कुदरत के कहर से बचाने, हमारे मुल्क मे अमनो अमान कायम कर उसे तरक्की देने की दुआ की। दुआ के बाद खानकाहे हुसैनी के बाहर राहगिरो को मिष्ठान का वितरण किया गया। जशन मे अफज़ाल अहमद, मुनीर खाँ कादरी, हाफिज़ मोहम्मद कफील हुसैन, सैय्यद मोहम्मद फरहान, इस्लाम खान चिश्ती, इरफान अशरफी, हाफिज़ हसीब अहमद, फाजिल चिश्ती, एजाज़ रशीद, इरफान बरकाती, मोहम्मद अनवार खाँ, सैय्यद मोहम्मद तलहा, मोहम्मद फैज़ान खान, मोहम्मद रज़ा कादरी, मोहम्मद मुबीन खाँ, मोहम्मद अदनान खाँ, मोहम्मद युनुस खान, तौफीक रेनू, आज़म महमूद आदि मुख्य थे।

# सांसद ने दीप प्रज्वलित कर किया तीन दिवसीय रोजगार मेला का शुभारंभ

बीपीएस न्यूज




कानपुर। आई0टी0आई0, पाण्डु नगर में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) में तीन दिवसीय रोजगार मेला का प्रारम्भ हुआ। रोजगार मेला का शुभारम्भ सत्यदेव पचौरी सांसद द्वारा दीप प्रज्जवलित कर के किया गया। सर्वप्रथम तेज कुमार, परियोजना अधिकारी, डूडा ने उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये डूडा द्वारा संचालित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वत: रोजगार कार्यक्रम, महिला स्वयं सहायता समूहों को सी0सी0एल0 एवं कौशल रोजगार प्रशिक्षण योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। नरेश कुमार, प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0, पाण्डु नगर द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि आई0टी0आई0 में प्रत्येक माह दो बार रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें कम्पनियों द्वारा छात्रों का प्लेसमेण्ट किया जाता है परन्तु डूडा द्वारा आयोजित होने वाले रोजगार मेला में प्रशिक्षार्थियों को प्लेसमेण्ट कराने के साथ ही स्वरोजगार करने हेतु बेरोजगारों को बैंकों से ऋण प्रदान कराया जा रहा है, जो कि बेरोजगारों के लिये अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये एक अवसर है। शिवशरणप्पा जी0एन0, नगर आयुक्त, नगर निगम द्वारा अपने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये जानकारी दी गयी गयी इनवेस्टर समिट के समय कानपुर नगर में लगभग रू0 80 हजार करोड़ का इन्वेस्ट हुआ है, जिससे काफी रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षित प्रथिक्षार्थियों को रोजगार मेला में शामिल कम्पनियों के माध्यम से अच्छे पदों पर प्लेसमेण्ट होने का अवसर है। सत्यदेव पचौरी सांसद ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये जानकारी दी गयी गयी महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा मोमबत्ती, अगरबत्ती, दलिया, आचार, पापड़ इत्यादि बनाने का कार्य किया जा रहा है परन्तु धनाभाव के कारण व्यवसाय को बढ़ा नहीं पाते है, जिस कारण से उनके लिये यह योजना अत्यन्त लाभादायक है। स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत बैंकों से ऋण प्राप्त होने पर न सिर्फ स्वयं सहायता समूह की महिलायें अथवा पुरूष अपना रोजगार बढ़ा सकेंगें अपितु दूसरों को रोजगार भी प्रदान करेगें।रोजगार मेला में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वत: रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत बैंकों के माध्यम से शहरी बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने हेतु ऋण उपलब्ध कराने के लिये समस्त बैंकर्स द्वारा स्टाल लगाया गया। मेला में बैंकों द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को रोजगार करने हेतु कैश क्रेडिट लिमिट (सी0सी0एल0) का निर्धारण किया जायेगा। कौशल रोजगार प्रशिक्षण (ई0एस0टी0पी0) के अन्तर्गत प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों को प्लेसमेण्ट करने हेतु 20 कम्पनियों द्वारा अपने स्टाल लगाये गये, जिसमें कम्पनियों द्वारा प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार करके प्लेसमेण्ट किया जायेगा।इस अवसर पर शिवशरणप्पा जी0एन0, नगर आयुक्त, नगर निगम, तेज कुमार, परियोजना अधिकारी, डूडा, नरेश कुमार, प्रभारी कौशल विकास मिशन/प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0, पाण्डुनगर, उपायुक्त, जिला उद्योग केन्द्र, अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक, बैंक आफ बड़ौदा आदि उपस्थित थे।

# लगाई गई प्रदर्शनी में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का किया गया सजीव चित्रण

बीपीएस न्यूज

कानपुर । उ0प्र0 सरकार आगामी 25 मार्च को अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण कर रही है, इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियों, नये कीर्तिमानों की तीन दिवसीय (25 से 27 फरवरी, तक) प्रदर्शनी प्रमिला सभागार के पीछे नगर निगम मोतीझील में लगायी गई है, जिसका शुभारम्भ प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार द्वारा किया गया, इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सूर्यकांत त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 के0के0 सिंह, अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह, अध्यक्ष विधानसभा के प्रतिनिधि सुरेश अवस्थी सहित सम्बन्धित अधिकारी, पत्रकार बंधु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।प्रभारी जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदर्शनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सजीव चित्रण है। प्रदर्शनी से आम जनमानस को सरकार की योजनाओं की पूर्ण जानकारी मिलेगी। प्रदर्शनी हमें प्रदेश के आर्थिक विकास के दर्शन कराती है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास यही रहेगा कि सरकार की जो भी जनकल्याणकारी योजनायें हैं उनको समाज के गरीब व वंचित लोगों तक लेकर जाना है और जो भी लोग किसी भी योजना के पात्र हैं और उनको लाभ नहीं मिल पा रहा है उनको उनके घर तक लाभ पहुंचाना है। जो युवा हैं उनको कैसे रोजगार दिया जाये इसी परिपेक्ष में लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया लगभग 75 हजार करोड के निवेश के साथ कानपुर उसमें सबसे अगृणी रहा है और उन निवेशों को धरातल पर लेकर आकर आना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को उसका लाभ मिले उन्होंने कहा कि मै मीडिया के साथियों के माध्यम से आम जनमानस तक यह सन्देश पहुँचाना चाहूँगा कि आप सब लोग यहाँ पर आये उनका इस प्रदर्शनी में स्वागत है वो आये और यहा पर देखे कि हम क्या अच्छे-अच्छे कार्य कर रहें है, उसका अवलोकन करें।

# मलेरिया माइक्रोस्कोपी पर लैब टेकनीशियन्स हुए प्रशिक्षित



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारत सरकार द्वारा वर्ष तक मलेरिया रोग को जड़ से ख़त्म करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में गुरुवार को रामदेवी स्थित आर.सी.एच. सभागार में जिले के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लैब टेक्नीशियन का मलेरिया माइक्रोस्कोपी पर प्रशिक्षण हुआ द्य गोदरेज संचालित स्वयं सेवी संस्था पाथ-सी.एच.आर.आई. के सहयोग से दिसम्बर माह में मलेरिया माइक्रोस्कोपी पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था, जिसमें कानपुर जिले से दो लैब टेक्नीशियन ने प्रशिक्षण लिया था द्य उन्ही के द्वारा कुल चार बैच में 80 लैब टेक्नीशियन को प्रशिक्षित किया गया द्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि मलेरिया रोग की पहचान के लिए माइक्रोस्कोपी विधि को गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है द्य इस विधि पर जिले के सभी एल.टी. को प्रशिक्षण दिया गया है द्य प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश मलेरिया रोग की समय से पहचान करना है, ताकि मरीजों को समय रहते उचित और सही उपचार उपलब्ध कराया जा सके ।

जिला मलेरिया अधिकारी ए.के.सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में मुख्य रूप से मलेरिया के प्रकार, परजीवी की पहचान, संक्रमण का स्तर और मलेरिया के परजीवी का जीवन चक्र जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है ।उन्होंने कहा कि बुखार के रोगियों की मलेरिया जाँच आवश्यक है । स्वास्थ्य केन्द्रों पर पहुँचने वाले बुखार के रोगियों की मलेरिया जाँच ब्लड स्लाइड बनाकर माइक्रोस्कोप द्वारा और फील्ड पर आर.डी.टी. किट और ब्लड स्लाइड दोनों से की जा सकती है द्य इस प्रशिक्षक के बाद सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल के तहत मलेरिया जांच की जा सकेगी ।

पाथ-सी.एच.आर.आई. के आई.वी.एम. कोऑर्डिनेटर सीताराम चौधरी ने बताया कि इस प्रशिक्षण से प्रयोगशाला प्रविधिकों का क्षमतावर्धन होगा जिससे वह और बेहतर ढंग से मलेरिया की जाँच कर सकेंगे द्य उन्होंने कहा कि बिना समुदाय के सहयोग के मलेरिया को रोका नहीं जा सकता है द्य मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए शरीर को पूरी तरह से ढंकने वाले कपड़े पहने, मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छर रोधी क्रीम का इस्तेमाल करें, विशेष रूप से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मच्छर के काटने से बचाना आवश्यक है, बुखार आने पर अपनी जांच अवश्य करायें द्य प्रशिक्षण में नीरज दीक्षित एवं पूनम (प्रशिक्षक), सहायक मलेरिया अधिकारी यू.पी. सिंह एवं भूपेन्द्र सिंह, प्रयोगशाला प्राविधिक एवं सहायक व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहें।

# डीसीएम चालक ने बाइक में मारी टक्कर, दो भाइयों की मौत



घाटमपुर।सजेती थाना क्षेत्र के गंगूपुर गांव निवासी 24 वर्षीय सुजीत अपने बुआ के लड़के जालौन के कंदौरा गांव निवासी 20 वर्षीय रोहित कोरी के साथ बाइक से अपने दोस्त रूपेश की बहन की शादी समारोह में सजेती थाना क्षेत्र के टिकवांपुर गांव से शामिल होकर देर रात बुधवार अपने गांव लौट रहे थे, तभी अज्योरी गांव के पास पहुंचते ही डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने घायलों को एंबुलेस की मदद से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनो युवकों को मृत घोषित कर दिया। बुधवार को रूपेश की बहन की शादी थी, जिसमे शामिल होने युवक आए थे।सजेती थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि परिजनों को सूचना देने के साथ युवकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। डीसीएम को कब्जे में लिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# जहाँगीराबाद हनुमान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ, उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

बीपीएस न्यूज

घाटमपुर। जहाँगीराबाद कस्बा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में रविवार को संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाना है, जिसके चलते आयोजकों ने यहां पर तैयारियां पूरी कर ली। मंदिर की रंगाई पुताई कराई गई है। यहां पर सुदारकांड के वक्ता अजय याग्निक के द्वारा भक्तों को संगीतमय सुंदर कांड का पाठ सुनाया जाएगा। यहां पर सुंदरकांड सुनने भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

संगीतमय सुंदरकांड का पाठ सुनने को यहां पर आसपास गावों से भक्तों की भारी भीड़ पहुंचती है। कार्यक्रम की आयोजक धर्मार्थ ट्रस्ट की अध्यक्ष मुन्नी देवी ने बताया कि इस कार्यक्रम की नींव उनके पति स्व रामजी शुक्ल के द्वारा कई वर्ष पहले की गई थी। कोरोना काल में उनका देहांत हो जाने के बाद अब वह उनके द्वारा नींव को मंदिर परिसर में सुंदरकांड के पाठ के साथ भव्य रामलीला के कार्यक्रम का आयोजन कराती है। उन्होंने बताया कि यहां पर प्रतिवर्ष पनकी मंदिर के महाराज जी संगीतमय सुंदर काण्ड सुनने आते है। अजय याग्निक ने भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार विदेशो में भी करने का काम किया है।

# पीएम पर अभद्र टिप्पणी पर भाजयुमों ने दिया सीपी को प्रार्थना पत्र



कानपुर।प्रधानमंत्री के पिता के लिए कांग्रेस के पवन खेड़ा द्वारा अभद्र टिप्पड़ी करने पर भाजपा के युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता द्वारा कमिश्नरेट पुलिस लाइन में पहुच कर पुलिस कमिश्नर को कांग्रेस के पवन खेड़ा के खिलाफ एफआईआर लिखने के लिए प्राथना पत्र दिया और कार्यवाही की मांग की गयी ।बीते दिनों कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा द्वारा प्रधानमंत्री के पिता के नाम को लेकर सोशल मीडिया मे अभद्र टिप्पड़ी की गई थी।जिसके बाद पूरे प्रदेश में भाजपा के द्वारा विरोध प्रर्दशन और एफआर दर्ज करने की मांग उठने लगी है ।गुरुवार को भाजपा के पूर्व जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा के हर्षित श्रीवास्तव ने भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर को प्रार्थना पत्र देकर कांगेस के पवन खेड़ा के खिलाफ एफआईआर की मांग करते हुए कार्यवाही करने की मांग की। हर्षित श्रीवास्तव ने बताया के प्रधामनमंत्री के पिता के नाम को ले करके अशोभनीय बयान दिया है और लगातार कांग्रेस ऐसे ही बयान देती आई है और इनकी यही मानसिकता और चरित्र बन गया है। कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को बयान से पहले देने से पहले सोचना चाहिए कि वह किस की छवि धूमिल कर रहे है।वही, प्रार्थना पत्र पर कमिश्नर बीपी जोगदंड ने बताया के भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन हमने ले लिया है।

# थाने से एक किलोमीटर की दूरी पर महिला से लाखों की लूट

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नजीराबाद में देर रात बेखौफ बदमाशो ने पुलिस की सक्रियता की पोल खोल दी। घर जाने के लिये गेस्ट हाउस के बाहर कार का इंतजार कर रही एक कम्पनी में कार्यरत महिला के गले पर चाकू रखकर बदमाशों ने लाखों रूपये कीमती का हार लूट लिया। सूचना के बाद दो चौकी इंचार्ज पहुंचे और छानबीन की। सुबह तक इंस्पेक्टर या अफसरों को घटना की जानकारी तक नहीं दी। दूसरे दिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी। शुक्रवार की रात सुमित कुमार के साले शिवम के रिस्पेशन पार्टी में शामिल होने के लिये एक कम्पनी में एक्जक्यूटिव पद पर कार्यरत महिला दीपमाला पति और बच्चों के साथ शामिल होने आयी थी। थाने से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित गेस्ट हाउस से रात करीब 11 बजे महिला बाहर निकली थी। पति कार निकाल रहे थे तभी बाइक से आये दो बदमाशों ने महिला की गर्दन पर चाकू रखकर लाखों रूपये का सोने का हार लूट लिया और गलियों से होते हुए भाग निकले। वारदात से सहमी महिला ने गेस्ट हाउस के अंदर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी तो हड़कम्प मच गया। इस बीच वहां से निकल रही पीआरवी पुलिस को लूट की जानकारी दी गयी। मौके पर आरके नगर व जवाहर नगर चौकी इंचार्ज पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। सुबह तक थानाप्रभारी से दोनों एसआई घटना को छुपाये रहे। सुबह मीडिया द्वारा घटना की जानकारी के लिये फोन पहुंचे तो अफसरों को घटना की जानकारी हुई। मामले में डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने एसीपी को मामले की जांच सौंपी है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की फूटेज देखी तो उसमें दो लुटेरे कैद हुए है।

# केन्द्रीय मंत्री ने किया एक्सपो का फीता काट कर शुभारम्भ

बीपीएस न्यूज



कानपुर । सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा (25 एवं 26 फरवरी) दो दिवसीय वेण्डर डेवलपमेंट कार्यक्रम-सह-एम0एस0एम0ई0 एक्सपो- का आज 25 फरवरी, को स्थान- एम0एस0एम0ई0-विकास कार्यालय के प्रांगण में मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह वर्मा, राज्यमंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उद्घाटन किया गया। एक्सपो में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/विभागों/बैंको/एम0एस0एम0ई0 ईकाइयों ने 75 स्टॉल लगाकर अपने उत्पादो/सेवाओं का प्रदर्शन किया। विष्णु कुमार वर्मा, संयुक्त निदेशक, एम0एस0एम0ई0 विकास कार्यालय, कानपुर ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह वर्मा, राज्यमंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, अति-विशिष्ट अतिथियों अनिल बहुगुणा, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, उरई, श्याम सिंह सिसोदिया, प्रतिनिधि राज्यमंत्री एवं अमित कुमार, संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार, सर्वेश्वर शुक्ला, संयुक्त आयुक्त उद्योग, आलोक गुप्ता, महाप्रबन्धक, इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लि0 सुरेश चन्द मीणा, उपमहाप्रबंधक, हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लि0 तथा समस्त गणमान्य व्यक्तियों का कार्यक्रम में पधारने के लिए हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा संस्थान की कार्य-विधि का विवरण एवं इस कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी प्रदान की जिसमें उन्होंने यह अवगत कराया कि इस कार्यक्रम से एम0एस0एम0ई0 इकाइयों तथा सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के पारस्परिक सहयोग से एक दूसरे की आवश्यकता की पूर्ति की जा सकती है। वृहद उद्योग स्थानीय स्तर पर सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों से प्रतियोगी दर पर उनके उत्पादों को क्रय कर सकेंगे। श्री वर्मा ने भारत सरकार द्वारा लागू पब्लिक प्रोक्योरमेन्ट पॉलिसी के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि आने वाले समय में सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों अपनी कुल खरीद का 25 प्रतिशत सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों (4 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग एवं 3 प्रतिशत महिला उद्यमियों द्वारा स्थापित इकाइयों) से खरीदना आवश्यक होगा। इस एम0एस0एम0ई0 एक्सपो में एच0ए0एल0, कानपुर आर्डिनेन्स फैक्ट्री, गैस अथारिटी ऑफ इण्डिया, माडर्न रेल कोच फैक्ट्री रायबरेली, एन0सी0आर0 एलम्किो, कानपुर, बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के स्टालों के अतिरिक्त 60 सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। उपरोक्त प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। कल 26 फरवरी को क्रेता-विक्रेता सम्मेलन व तकनीकी सत्रों के अलावा शिक्षित बेरोजगारों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। सर्वेश्वर शुक्ला, संयुक्त आयुक्त उद्योग, कानपुर मण्डल ने अपने सम्बोधन में एम0एस0एम0ई0 के लिए उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और सहूलियतों के बारे में जानकारी दी और कहा कि इस तरह के आयोजनों से उ0प्र0 में निवेश का दायरा बढ़ गया है। उन्होंने लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का जिक्र करते हुए बताया कि इसमें 1,37,000 हजार करोड़ का निवेश मिला है। जनसंख्या घनत्व के कारण घटती हुई भूमि को देखते हुए सरकार द्वारा दादानगर कानपुर और आगरा में फ्लैटेड फैक्ट्री के निर्माण किये जाने, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट की परियोजनाएँ, सी0ई0टी0पी0, जेड0ई0डी0 कैपिटल सब्सिडी के बारे में जानकारी दी। अमित कुमार, संयुक्त महानिदेशक, विदेश व्यापार ने अपने सम्बोधन में कहा कि निर्यात के क्षेत्र में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है,उद्घाटन कार्यक्रम के समापन के उपरांत एस0के0 पाण्डेय, सहायक निदेशक, एमएसएमई- विकास कार्यालय, कानपुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सिटी टूर दर्शन सेवा का हुआ शुभारंभ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शनिवार को सरसैया घाट से एमएलए सिटी टूर दर्शन सेवा का औपचारिक उद्घाटन एसीपी रंजीत सिंह, महंत कृष्णा दास, महंत बालयोगी चैतन्य, धर्म प्रकाश गुप्ता संस्थापक कानपुर पंचायत ने हरी झण्डी दिखा कर किया। एसीपी रंजीत सिंह ने कहा कि शहर के पर्यटन वर्क कल्चर को बढ़ावा देने के लिए जिस प्रकार से प्रेरणा एनजीओ ने पहल करते हुए एमएलए सिटी टूर की शुरुआत की यह निश्चित ही काबिले तारीफ है। एमएलए ग्रुप के निर्देशक सुमित अग्रवाल ने कहा बुजुर्गों और महिलाओं को कानपुर दर्शन का बहुत ही सहूलियत के साथ लाभ मिल सकेगा। कानपुर दर्शन एमएलए सिटी टूर के साथ बिना किसी पर आश्रित हुए सुरक्षित तरह से कर सकेंगे ।महंत कृष्णा दास व धर्म प्रकाश गुप्ता ने कहा इस पहल से कानपुर व दूर-दराज के आध्यात्मिक आस्था के केंद्रों से लोगों को जोड़ने में बहुत मदद मिलेगी ।महंत बालयोगी चैतन्य ने कहा कानपुर सिटी टूर सेवा से युवाओं को हमारी संस्कृति व आध्यत्मिक पर्यटन से जुड़ने में बहुत सहायता मिलेगी।

# क्रान्तिकारियों के नाम पर देश के एयरपोर्ट तथा अन्य संस्थानों के हो नाम



बीपीएस न्यूज

कानपुर। देश के एयरपोर्ट, संस्थानों आदि का नाम क्रांतिकारियों के नाम पर रखे जाने की मांग को लेकर क्रांतिकारी संगठन आप और हम, राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस बेदी के नेतृत्व में कानपुर जिलाधिकारी के माध्यम से उ0प्र0 के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया गया।

इस दौरान बीएस बेदी ने बाया कि वीर बलिदानियों के सम्मान में बीते सात वर्षो ये भारत तथा राज्य सरकार से लगातार यह मांग की जा रही है। उ0प्र0 के जेव प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट सरदार उधम सिंह के नाम, कानपुर चकेरी एयरपोर्ट श्री गणेश शंकर विधार्थी, बमरौली एयरपोर्ट चंद्रशेखर आजाद, कशीनगर महात्मा बुद्ध, अलीगढ हवाई पटटी अशफाक उल्ला खां आदि नाम पर रखने की मांग की। उन्होने कहा कि हम अपने वीर बलिदानियों के सम्मान में क्रांति ला देगे, क्योंकि आज तक हमारे बलिदानियो को सम्मान नही मिला। इसके लिए हम प्रदेश के हर जिले में आंदोलन करेगे। इस दौरान मनोज मिश्रा, रमेश सिंहवानी, दीपक कपूर, जगजीवन राम, सन्नी बालमीकि, रोन, आमिर, प्रदीप, हर्ष श्रीवास्तव, शभमीत सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने झाड़ू लगा, दिया स्वच्छता का संदेश

## जिस दिन शहर का हर व्यक्ति अपने को स्वच्छता अभियान से जोड लेगा, शहर सुंदर दिखने लगेगा



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भाजपाइयों ने गोविंद नगर क्षेत्र में सघन स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं में देश की स्वच्छता सर्वोपरि है ।रविवार की सुबह प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम से पूर्व सुबह लगभग 9:00 बजे भाजपाइयों ने गोविंद नगर क्षेत्र के ब्लॉक -8, 9, 10, आर एवं एस आदि मोहल्लों में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ सघन स्वच्छता अभियान चलाया। भाजपाइयों ने हाथों में बडी-बडी झाड़ू लेकर के सड़कों ,फुटपाथों व पार्कों पर झाड़ू लगाई ।भाजपाइयों ने झाडू लगाने के बाद पहले तो कुडे को एक जगह इकट्ठा किया फिर स्वयं ही कुडे को कूड़ा गाड़ी में भरकर गाडी खींचकर कूड़ा डंप स्थल तक ले गए ।इस मौके पर भाजपाइयों ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि हमारे देशवासी स्वस्थ एवं निरोगी रहे। साफ-सफाई रहने से बीमारियां दूर रहती हैं और घर मोहल्ले में सुंदरता दिखाई देती है इसीलिए भाजपा समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाती रहती है ।वक्ताओं ने आगे कहा कि देश व प्रदेश को स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी किसी एक व्यक्ति ,सरकार या किसी एक संस्था की नहीं है ।अगर देश का प्रत्येक नागरिक जिस दिन अपनी जिम्मेदारी समझे कि शहर ,गली एवं मोहल्ला को साफ रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। जिस दिन प्रत्येक नागरिक स्वच्छता अभियान से अपने आप को जोड़ लेगा तभी से निश्चित रूप से ही शहर स्वच्छ दिखने लगेगा ।कार्यक्रम के पश्चात सफाई मजदूरों को माला पहना सम्मानित किया गया ।स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से विकास दुबे, प्रकाश वीर आर्य, राजेश श्रीवास्तव, हरिशंकर सिंह, अनुराग अग्निहोत्री, दिलीप सिंह, धर्मेंद्र राय ,रणविजय सिंह, शम्मी भला, गुंजन धर, मनोज पाल आदि रहे।

# युवा स्वयं सेवक यूथ-20 सम्मेलन में करेंगे प्रतिभाग

कानपुर । जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में फैमिली हेल्थ इंडिया के सहयोग से एम्बेड परियोजना के तहत यूथ इंगेजमेंट फॉर सिविक एक्शन प्रोजेक्ट के अंतर्गत जनपद के नगरीय क्षेत्रों के 100 युवा स्वयं सेवकों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव, नियंत्रण एवं उपचार पर प्रशिक्षित किया गया है द्य इन प्रशिक्षित युवा स्वयं सेवकों द्वारा अपनी अपनी बस्तियों में ही वेक्टर जनित रोगों से बचाव, नियंत्रण एवं उपचार पर समुदाय में लोगों को जागरूक करने के साथ साथ बस्ती के लोगों को इस बात के लिए भी जागरूक किया जा रहा है ।

# देश में ई-कचरे के कलेक्शन और रीसाइकिलिंग के रीयल टाइम डाटाबेस को करना होगा मजबूत



हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में जैसे-जैसे इलेक्ट्रानिक एवं डिजिटल सेवाओं पर निर्भरता बढ़ी है, उसी अनुपात में इलेक्ट्रानिक कचरे यानी ई-वेस्ट का अंबार भी बढ़ता जा रहा है। ऐसी इलेक्ट्रानिक वस्तुएं जो उत्पादकता खत्म होने अथवा तकनीकी खराबी की वजह से उपयोग में नहीं लाई जाती हैं, ई-कचरे का रूप ले लेती हैं। देश में ई-कचरे का प्रबंधन स्वच्छ भारत, स्मार्ट सिटी और डिजिटल इंडिया अभियान का अहम हिस्सा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी ग्लोबल ई-वेस्ट मानीटर, 2020 रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में दुनिया में लगभग 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा निकला। इस दशक के अंत तक यह 7.4 करोड़ मीट्रिक टन हो जाएगा।केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2019-20 में देश में 10,14,961.2 टन ई-कचरा निकला। दिल्ली में ही अकेले दो लाख टन ई-अपशिष्ट निकलता है। यह देश में निकलने वाले कुल ई-वेस्ट का 10 प्रतिशत है। देश में ई-वेस्ट प्रबंधन पर कई मोर्चों पर काम करना होगा। सर्कुलर इकोनमी का पहला उद्देश्य संसाधनों के टिकाऊ उत्पादन और खपत से है। लोगों को वस्तुओं के इस्तेमाल के प्रति संवेदनशील बनाना होगा। ई-कचरे के प्रबंधन और निस्तारण की पूरी प्रक्रिया में ई-कचरे का कलेक्शन, रीसाइकिलिंग और री-मैन्यूफैक्चरिंग अहम है। इसके लिए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र को संयुक्त रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करना होगा।

पर्यावरण मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत ई-वेस्ट प्रबंधन नियम-2022 का मसौदा ई-कचरे के प्रबंधन में उत्पादकों, रीसाइकिलिंग संस्थाओं, नियामकों सभी की भागीदारी तय करता है। हालांकि अभी देश में रीसाइकिलिंग कंपनियों की संख्या बहुत कम है। नए नियमों में ई-कचरे की श्रेणी 21 से बढ़ाकर 95 कर दी गई है। नए ड्राफ्ट के मुताबिक अब ब्रांड या उत्पादक को अपने उत्पादों का एक अनुपात उनकी उत्पादकता (उपयोगिता) खत्म होने के अंत में वापस लेना होगा। ऐसा करने के लिए उन्हें प्रोड्यूसर रिस्पांसिबिलिटी आर्गेनाइजेशन (पीआरओ) नियुक्त करने का विकल्प दिया गया है। इस व्यवस्था में पीआरओ को ई-कचरे के प्रारंभ से अंत तक निस्तारण की जिम्मेदारी दी जाती है। एक तरह से उत्पादकों की ओर से पीआरओ ई-कचरे का कलेक्शन, ट्रांसपोर्टेशन और रीसाइकिलिंग करते हैं। भारत में मैन्यूफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए पीआरओ माडल भले ही नया हो, लेकिन वैश्विक स्तर पर इसे अपनाया जा रहा है।स्विट्जरलैंड, जर्मनी, आस्ट्रिया, नीदरलैंड और स्कैंडेनेवियन देशों ने ई-कचरे के निस्तारण में इसे सर्वोत्तम प्रथा में तब्दील किया है। विज्ञानी छोटे इलेक्ट्रानिक कचरे को सबसे बड़ी चुनौती मान रहे हैं। छोटे ई-अपशिष्ट श्रेणी में वे इलेक्ट्रानिक वस्तुएं आती हैं, जो बहुत लंबे समय तक इस्तेमाल नहीं होती हैं। सेलफोन, इलेक्ट्रिक टूथब्रश, टोस्टर, कैमरा आदि इस श्रेणी में आते हैं। हमारी दिनचर्या का अहम हिस्सा रहने वाले इन इलेक्ट्रानिक उपकरणों में खराबी आने पर ये कूड़ेदान से होते हुए मिट्टी के नीचे या समुद्र में पहुंचते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक 2019 में विश्व में 2.2 करोड़ टन छोटे आकार के ई-वेस्ट निकले। यह इस अवधि में निकले 5.7 करोड़ टन ई-वेस्ट का 40 प्रतिशत है। 2030 तक तीन करोड़ टन छोटे आकार के ई-वेस्ट निकलने का अनुमान है। अक्सर छोटे आकार के ई-कचरे को खुले में जला दिया जाता है। इससे हवा में जहरीले पदार्थ पहुंचते हैं।

दुनिया भर में कारपोरेट सेक्टर के लिए ईएसजी (एनवायरनमेंट, सोशल एंड कारपोरेट गवर्नेंस) रिपोर्टिंग अनिवार्य किया जा रहा है। ई-वेस्ट प्रबंधन को ईएसजी और पर्यावरणीय पहल में शामिल किया जाना चाहिए। ई-कचरे के प्रबंधन की चुनौती वस्तुओं की गुणवत्ता से भी प्रभावित होती है। वस्तुओं के टिकाऊ न होने से इलेक्ट्रानिक उत्पाद कम समय में ही मूल्य शृंखला का हिस्सा बन जाते हैं। ऐसे में इलेक्ट्रानिक उत्पादों की डिजाइनिंग समेत उनकी दक्षता भी बढ़ानी होगी। भारत जिस तेजी से डिजिटल इकोनमी की ओर बढ़ा रहा है, उसके साथ ई-वेस्ट एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने है। देश में ई-कचरे के कलेक्शन और रीसाइकिलिंग के रीयल टाइम डाटाबेस को और मजबूत बनाना होगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के जरिये स्कूली पाठ्यक्रम को प्रशिक्षण और व्यावहारिक शिक्षा से संबद्ध किया जा रहा है। कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ज्ञान और इनोवेशन को बढ़ावा दे सकते हैं। नार्डिक देशों में कचरा प्रबंधन के मोर्चे पर उच्च शिक्षण संस्थान डाटा एकत्रीकरण और विश्लेषण कार्यक्रम में भागीदार हैं। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इंटरनेट आफ थिंग्स और क्लाउड कंप्यूटिंग के अनुप्रयोग काफी सहायक हैं।

# अगर साइबर अपराधियों से बचना चाहते हैं तो मजबूत रखें पासवर्ड

आज की दुनिया पूरी तरह से डिजिटल हो चुकी है, केवल एक हिस्सा नहीं बल्कि संपूर्ण डिजिटल हिस्सा आजकल पासवर्ड पर डिपेंडेंट हो गया है। आप चाहे अपना ईमेल लॉग इन करें, चाहे अपना कोई सोशल मीडिया अकाउंट लॉगिन करें, यहां तक कि आपका फोन और दूसरे एप्लीकेशंस तक पासवर्ड पर डिपेंडेंट हो गए हैं। ऐसे में सभी के सामने बड़ा प्रश्न होता है, कि क्या वास्तव में तमाम साइबर क्रिमिनल आपके पासवर्ड को भेद सकते हैं ? आपके पासवर्ड को जान सकते हैं ? तो इसका जवाब हां में है।अगर आप कमजोर पासवर्ड रखते हैं, तो निश्चित रूप से यह भेदा जा सकता है। ऐसे कई लोग अपना नाम रखकर 123 रख देते हैं, जैसे राहुल 123। इसी प्रकार से कई लोग अपनी डेट ऑफ बर्थ को लगा लेते हैं, तो इस तरह के सिंपल पासवर्ड ट्रैक करने में साइबर टीम में को जरा भी दिक्कत नहीं होती है।

ऐसे में अगर आप अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स यहां तक कि बैंकिंग और दूसरी डिटेल्स को सिक्योर रखना चाहते हैं तो आपको अपना पासवर्ड बेहद सुरक्षित रखना होगा। यह जान लीजिए कि स्ट्रांग पासवर्ड आसानी से पता नहीं लगाया जा सकते और अपेक्षाकृत यह थोड़ा लंबे होते हैं और क्रैक नहीं किए जा सकने वाले होते हैं। इतना ही नहीं इसमें अपर केस लोअर केस और नंबर के साथ साथ स्पेशल कैरक्टर्स भी शामिल रहते हैं, ऐसे में जब यह सब मिलाकर आप स्ट्रांग और यूनिक पासवर्ड बनाते हैं तो यह किसी के द्वारा भी भेदा जाना मुश्किल होता है। एक और बड़ी गलती जो लोग करते हैं कि पासवर्ड तो वह स्ट्रांग जरूर बना लेते हैं, लोग लेकिन उसे कहीं नोट कर के रख देते हैं, जैसे कि अपने ईमेल में ही ड्राफ्ट में उन्होंने नोट कर के रख दिया है। ऐसे में अगर किसी कारण बस आपका इमेल हैक होता है तो वह सारा पासवर्ड किसी भी हैकर के हाथ लग सकता है।

ऐसे में अगर आप याद रखने के लिए भी अपना पासवर्ड अपने जीमेल में या किसी दूसरी जगह पर स्टोर रखते हैं तो उसमें समस्त पासवर्ड नोट करके ना रखें बल्कि आप उसे कोडवर्ड में लिखे जैसे कि पहला दो अक्षर लिख लिया लास्ट का दो अक्षर लिख दिया और बीच का... कर दिया। ऐसी स्थिति में क्या होता है कि आपके पासवर्ड को अगर कोई देख भी ले तो वह आसानी से गेस नहीं कर पाएगा। इसके अलावा ऑनलाइन भी कई सारे पासवर्ड जेनरेटर होते हैं जो स्ट्रांग पासवर्ड जनरेट करके देते हैं, लेकिन ध्यान दीजिए उन पासवर्ड को जनरेट करने के बाद भी आप एक दो लेटर एक दो अक्षर अवश्य चेंज कीजिए ऐसी स्थिति में आप अपने पासवर्ड को स्ट्रांग रख सकते हैं।

# बांके बिहारी मंदिर से कम प्राचीन नहीं हैं वृंदावनधाम का मंदिर

**इन 7 श्रीविग्रहों में से 3 आज भी वृंदावन धाम के मंदिरों में स्थापित हैं वहीं 4 अन्य स्थानों पर प्रतिष्ठित हैं।हरिवंशपुराण, श्रीमद्भागवत, विष्णु पुराण आदि में वृंदावन की महिमा का वर्णन किया गया है। कालिदास ने इसका उल्लेख रघुवंश में इंदुमती- स्वयंवर के प्रसंग में शूरसेनाधिपति सुषेण का परिचय देते हुए किया है। इससे कालिदास के समय में वृंदावन के मनोहारी**

चलो रे मन श्री वृंदावन धाम...ये पंक्तियां यूं ही नहीं कही जाती। वृंदावन धाम जहां श्रीकृष्ण ने बाल लीलाएं की। जहां राधारानी ने अपने पहले कदम से ही वृंदा यानी तुलसी जी का उदय कर दिया। वृंदावन यानी वृंदा का वन, तुलसी का वन। कालिंदी किनारे बसी कान्हा की क्रीड़ास्थली वृंदावन धाम की हर गली, हर सड़क कृष्ण की भक्ति में लीन, राधे राधे के जयघोष से गुंज्जायमान लगती है। वृंदावन की पहचान एकमात्र बांकेबिहारी जी का धाम ही नहीं है। यहां की गलियों में स्थित सप्त देवालय अपने आप में प्राचीन हैं और कृष्ण भक्ति के लिए महत्वपूर्ण स्थल हैं।यदि आप भी वृंदावन आना चाहते हैं या फिर हर वीकेंड पर आते हैं और सिर्फ बिहारी जी के दर्शन करके ही वापस लौट जाते हैं तो ये खबर आपके लिए जरूरी भी है और जानकारी परक भी। वृंदावन को सप्त देवालयों का धाम भी कहा जाता है। यहां बांके बिहारी सहित सात मंदिर हैं जहां श्रीकृष्ण के अति प्राचीन विग्रह स्थापित हैं। ज्योतिषशास्त्री पंकज प्रभु के अनुसार वर्ष 1515 में महाप्रभु चैतन्य ने यहां के कई



मंदिरों की खोज की थी। तब से लेकर अब तक कई मंदिर नष्ट हो चुके हैं और कई नए बने हैं। उन्हीं में से सप्त देवालय हैं जिनमें श्रीकृष्ण के विग्रह स्थापित हैं। इन 7 श्रीविग्रहों में से 3 आज भी वृंदावन धाम के मंदिरों में स्थापित हैं वहीं 4 अन्य स्थानों पर प्रतिष्ठित हैं।हरिवंशपुराण, श्रीमद्भागवत, विष्णु पुराण आदि में वृंदावन की महिमा का वर्णन किया गया है। कालिदास ने इसका उल्लेख रघुवंश में इंदुमती- स्वयंवर के प्रसंग में शूरसेनाधिपति सुषेण का परिचय देते हुए किया है। इससे कालिदास के समय में वृंदावन के मनोहारी उद्यानों के अस्तित्व का भान होता है। श्रीमद्भागवत के अनुसार गोकुल से कंस के अत्याचार से बचने के लिए नंदजी कुटुंबियों और सजातीयों के साथ वृंदावन में निवास के लिए आये थे। विष्णु पुराण में इसी प्रसंग का उल्लेख है। विष्णुपुराण में भी वृन्दावन में कृष्ण की लीलाओं का वर्णन है। वर्तमान में टटिया स्थान, निधिवन, सेवाकुंज, मदनटेर, बिहारी जी की बगीची, लता भवन प्राचीन नाम टेहरी वाला बगीचा आरक्षित वनों के रूप में दर्शनीय हैं ।रूप गोस्वामी को ये श्रीविग्रह वृंदावन के गौमा टीला नामक स्थान से 1535 में मिली थी। उन्होंने उसी स्थान पर छोटी सी कुटिया में इस श्रीविग्रह को स्थापित किया। इनके बाद रघुनाथ भट्ट गोस्वामी ने गोविंदजी की सेवा पूजा संभाली, उन्हीं के समय में आमेर नरेश मानसिंह ने गोविंदजी का भव्य मंदिर बनवाया। इस मंदिर में गोविंद जी 80 साल विराजे। औरंगजेब के शासनकाल में ब्रज पर हुए हमले के समय गोविंदजी को उनके भक्त जयपुर ले गए। तब से गोविंदजी जयपुर के राजकीय महल यानी मंदिर में विराजमान हैं।

यह श्रीविग्रह अद्वैतप्रभु को वृंदावन में कालीदह के पास द्वादशादित्य टीले से प्राप्त हुई थी। उन्होंने सेवा- पूजा के लिए यह श्रीविग्रह मथुरा के एक चतुर्वेदी परिवार को सौंप दी और चतुर्वेदी परिवार से मांगकर सनातन गोस्वामी ने 1533 में फिर से वृंदावन के उसी टीले पर स्थापित की। बाद में क्रमशः मुलतान के नमक व्यापारी रामदास कपूर और उड़ीसा के राजा ने यहां मदनमोहनजी का विशाल मंदिर बनवाया। मुगलिया आक्रमण के समय इन्हें भी भक्त जयपुर ले गए पर कालांतर में करौली के राजा गोपालसिंह ने अपने राजमहल के पास बड़ा सा मंदिर बनवाकर मदनमोहनजी को स्थापित किया। तब से मदनमोहनजी करौली, राजस्थान में ही दर्शन दे रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण का ये श्रीविग्रह संत परमानंद भट्ट को यमुना किनारे वंशीवट पर मिली और उन्होंने इस श्रीविग्रह को निधिवन के पास विराजमान कर मधु गोस्वामी को इनकी सेवा पूजा सौंपी। बाद में रायसल राजपूतों ने यहां मंदिर बनवाया पर औरंगजेब के आक्रमण के दौरान इनको भी जयपुर ले जाया गया, तब से भगवान गोपीनाथजी वहां पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथ मंदिर में विराजमान हैं।

# अब सौर ऊर्जा के लिए जरूरी नहीं धूप



गोरखपुर। सौर ऊर्जा के लिए अब सूरज को बादलों से बाहर आने की बाध्यता नहीं होगी। उसकी गर्मी को ही ऊर्जा में बदलकर इस्तेमाल में लिया जा सकेगा। यह संभव होगा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डा.प्रशांत सैनी के उस सोलर प्लांट से, जिसमें बादलों के पीछे छिपे सूर्य से भी ऊर्जा प्राप्त कर लेने की क्षमता होगी। यह प्लांट 10 डिग्री सेल्सियस तक की गर्मी को भी सौर ऊर्जा में बदल देगा। यानी इस सोलर प्लांट का इस्तेमाल उन स्थानों पर भी किया जा सकेगा, जहां कई बार पूरे-पूरे दिन धूप नहीं निकलती। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो.जीऊत सिंह के मार्गदर्शन में तैयार डा.प्रशांत के सैद्धांतिक प्रारूप से संबंधित शोधपत्र को युनाइटेड किंगडम के अंतरराष्ट्रीय जर्नल एनर्जी कनवर्जन एंड मैनेजमेंट ने भी प्रकाशित किया है।कंबाइंड कूलिंग, हीटिंग, पावर एंड डिसैलिनेशन नाम के इस प्लांट में सोलर पैनल की जरूरत नहीं होगी। थर्मल आयल भरे इंक्यूबेटेड ट्यूब से बना सोलर कलेक्टर सौर ऊर्जा को एकत्र करेगा। फेज चेंज मैटेरियल टैंक में उसे सुरक्षित करके बिजली से चलने वाले यंत्रों को संचालित किया जा सकेगा। सौर ऊर्जा तैयार करने की इस नई तकनीक के जरिये डा.प्रशांत ने ऐसे सोलर प्लांट का सैद्धांतिक प्रारूप तैयार किया, जिसका इस्तेमाल बिजली बनाने, माहौल को ठंडा या गर्म करने और दूषित जल को पेयजल में परिवर्तित करने में किया जा सकेगा। इस शोध में डा.प्रशांत को आइआइटी बीएचयू के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के आचार्य प्रो.जे. सरकार का भी मार्गदर्शन मिला है।शोध की सैद्धांतिक सफलता से उत्साहित डा.प्रशांत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की आर्थिक मदद से प्लांट को भौतिक रूप देने की तैयारी में हैं।डा. प्रशांत के शोध निर्देशक डा.जीऊत सिंह के अनुसार 600 डिग्री सेल्सियस तक क्वथनांक (ब्वायलिंग प्वाइंट) वाले थर्मल आयल से भरे इंक्यूबेटेड ट्यूब से बने सोलर कलेक्टर में सूर्य की उर्जा एकत्र होगी। अगले चरण में वह फेज चेंज मैटेरियल टैंक में जाएगी और उसमें भरे अपेक्षाकृत कम क्वथनांक वाले कार्बनिक द्रव्य (एन ब्यूटेन, एन पेंटेन आदि) को वाष्पीकृत करना शुरू कर देगी। वाष्पीकरण की प्रक्रिया से मिली ऊर्जा टरबाइन को चलाएगी और बिजली निर्माण शुरू हो जाएगा। बिजली बनाने की यह प्रक्रिया दिन में होगी। दिन ढलने के बाद जब सूर्य की ऊर्जा मिलनी बंद हो जाएगी, तो फेज चेंज टैंक में भरा कार्बनिक द्रव्य ठोस में बदलने लगेगा और इस बदलाव से मिली ऊर्जा से बिजली बनने की प्रक्रिया अनवरत जारी रहेगी।

# संस्कृति और प्रकृति के संरक्षण में जनजातीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान



जनजातीय समुदाय के नाम में ही जन का उल्लेख है। इस समुदाय ने प्रकृति, संस्कृति, स्वतंत्रता, समानता, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, आत्मनिर्भरता, जनतंत्र, जनसेवा इत्यादि के क्षेत्र में व्यावहारिक भूमिका का निर्वहन किया है। वास्तव में जिन भारतीय नैतिक मूल्यों पर प्रत्येक भारतीय गर्व का अनुभव करता है, उसे आज भी जनजातीय समुदाय की कार्यशैली में देखा जा सकता है। जनजातीय समुदाय और भारतीयता दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।

भारतीय सांस्कृतिक-पारंपरिक मूल्यों के साथ जीना, उनका संरक्षण-संवर्धन करना या पूर्व में स्वतंत्रता की लड़ाई में योगदान की बात रही हो, प्रत्येक मामले में जनजातीय समुदाय अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा है। वैसे हमारे इतिहास लेखकों ने नगण्य संख्या में जनजातीय महापुरुष वीरों को प्रस्तुत किया, परंतु वर्ष 2014 में केंद्र में नई सरकार आने के बाद से अनसुने वीरों की वीरगाथाओं से जुड़े अनेक तथ्यों को नए सिरे से खंगाला जा रहा है। ऐसे में जनजातीय वीर राष्ट्रीय गौरव के रूप में स्थापित होने लगे हैं।देश के विकास में प्रत्येक भारतीय समुदाय का योगदान है। योगदान देने वाले समुदायों को उनका उचित सम्मान एवं प्रतिनिधित्व भी मिलना चाहिए। परंतु जनजातीय समुदाय को उनके योगदान के बदले आज तक वह सम्मान और प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। भारतीय समाज प्राकृतिक संस्कृति, परस्पर सहयोग की भावना, ईमानदारी, सादगी, समानता, आत्मनिर्भरता, सर्वमत आधारित जनतंत्र के लिए जाना जाता है। ये सारे गुण आज भी इस समुदाय में मौजूद हैं। प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन आज भी जनजातीय समुदाय ही व्यावहारिक रूप में कर रहा है।

आज जिस खनिज संपदा ने देश के आर्थिक उन्नति तथा रोजगार में अहम भूमिका निभाई है, उस संपदा को संरक्षित रखने में जनजातियों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। राष्ट्र के जिन स्थानों पर खनिज संपदा मिली है, वहां जनजाति समुदाय का निवास स्थान है। जनजातीय समुदाय का निवास जहां-जहां है वहां वन संपदा की अधिकता है। आर्थिक विपन्नता से उबरने के लिए जनजातियों ने कभी भी वन संपदा का व्यापार नहीं किया। वन को बचाए रखने के संकल्प ने आज जगत को बचाए रखा है। यह समुदाय सादगी पसंद है। कच्चे मकानों में रह लेता है, पहाड़ों को काटकर आवास बना लेता है, परंतु विकास के पश्चिमी मानकों को नहीं अपनाना जनजातियों को विशिष्ट बनाता है। अपनी संततियों को अपनी भाषा, संस्कृति व अपने रोजगार का ज्ञान देकर आत्मनिर्भर बनने का गुण विकसित करने की विशिष्टता के कारण यह समुदाय किसी की अधीनता नहीं स्वीकार करता तथा समानता एवं स्वतंत्रता के साथ जीना पसंद करता है।

जनतंत्र में आम तौर पर यह कहा जाता है कि यहां बहुमत का शासन होता है, लेकिन जनजाति जिस लोकतंत्र के पक्ष में है वहां सर्वमत आधारित निर्णय होते हैं। सारा समुदाय एकत्रित होता है और जब तक सभी लोग एक निर्णय पर न पहुंच जाएं, बैठक जारी रहती है। सर्वमत से जो निर्णय लिया जाता है उसे मनवाने की आवश्यकता नहीं होती, लोग स्वयं उसे मानने लगते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनजातीय समुदाय हमेशा प्राकृतिक अधिकारों के लिए लड़ा। जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए लगातार संग्राम हुए। भारतीय भाषा, संस्कृति और प्रकृति के विरोध में किसी भी शासन को कभी भी जनजातियों ने स्वीकार नहीं किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनजातीय समुदाय के स्त्री-पुरुष, बच्चे-बुजुर्ग सभी लड़ाई में भाग लेते थे। ढोल-नगाड़े बजते थे, पारंपरिक हथियारों से आधुनिक हथियारों का मुकाबला करते थे।

आदिवासी या तो जीतते थे या फिर बलिदान होते थे, पीठ दिखाकर कभी भागते नहीं थे। बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सिदो, कान्हू, चांद, भैरव, फूलो, झानो मुर्मू, अल्लुरी सीतारमण राजू, सुरेंद्र साए, टंट्या भील, तेलंगा खड़िया जैसे वीरों के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। जनजातीय वीरों की याद में जनजातीय गौरव दिवस मनाना केवल एक दिवस के समान नहीं है। वास्तव में इस दिवस को मनाते हुए हम प्रत्येक उन भारतीय का सम्मान कर रहे हैं जिन्होंने भारतीय संस्कृति व स्वतंत्रता के लिए योगदान दिया, परंतु किन्हीं कारणों से अब तक उन्हें वह सम्मान प्राप्त नहीं हुआ था जिसके वे हकदार हैं। इसका एक परिणाम यह भी होगा कि अब जनजातीय समुदाय और गैर जनजातीय समुदाय एक दूसरे के समीप आएंगे। यह समीपता देश में संस्कृति, सम्मान, आत्मनिर्भरता के भारतीय गुणों के साथ एक सेतु का निर्माण भी करेगी।

# लहसुन उत्पादन में चीन को चुनौती देगा भारत, विज्ञानी जुटे नई किस्म के विकास में

राष्ट्रीय बागवानी विकास अनुसंधान प्रतिष्ठान के निदेशक डा. पीके गुप्ता का कहना है कि लहसुन के नए किस्म के विकास से जुड़े कार्य में हम सफल होंगे इसका पूरा यकीन है। इसके बाद भारत निश्चित तौर चीन को पछाड़ने की तैयारी कर सकता है।



खाने को स्वादिष्ट बनाने से लेकर औषधीय जरूरतों में इस्तेमाल होने वाले लहसुन उत्पादन में अभी चीन का दबदबा है। चीन के इस दबदबे को भारत से कड़ी चुनौती मिलने वाली है। विज्ञानी अब लहसुन की ऐसी किस्म के विकास में जुटे हैं, जिसे खरीफ फसलों के मौसम में भी उगाया जा सके।

**सिर्फ रबी के मौसम में की जाती है लहसुन की खेती**

बता दें कि भारतीय बागवानी विकास एवं अनुसंधान प्रतिष्ठान की देखरेख में अभी खरीफ मौसम के लिए विकसित की जा रही किस्म का ट्रायल चल रहा है। ट्रायल के नतीजों से विज्ञानी काफी उत्साहित हैं। अभी देश में लहसुन की खेती रबी मौसम में ही की जाती है।

**बाजार में मनमानी से होती है दिक्कत**

गौरतलब है कि रबी मौसम में उत्पादित लहसुन की उपलब्धता पूरे वर्ष बनी रहे इसके लिए इसकी बड़ी मात्रा का भंडारण करना पड़ता है। अधिकांश किसानों के लिए भंडारण करना संभव नहीं होता है। ऐसे में वे इसे औने-पौने कीमत पर बेच देते हैं। कई बार जमाखोर इस स्थिति का लाभ उठाते हैं और बाजार में मनमानी करते हैं।

**भंडारण से होता कीमतों में इजाफा**

कृषि विज्ञानियों के मुताबिक इससे दो स्तरों पर नुकसान होता है। एक तो किसान को उत्पाद की सही कीमत नहीं मिल पाती और दूसरा उपभोक्ताओं को मनमानी कीमत पर लहसुन खरीदना पड़ता है, क्योंकि जितना समय लहसुन भंडार में रहेगा, उसका किराया मूल कीमत में जुड़ता रहेगा। यदि खरीफ के मौसम में लहसुन का उत्पादन शुरू हो जाए तो इससे न सिर्फ भंडारण की मजबूरी से निजात मिल जाएगी, बल्कि उपभोक्ता को भी सस्ता व गुणवत्ता युक्त लहसुन मिलता रहेगा।

**अभी इस स्तर पर है शोध**

राष्ट्रीय बागवानी विकास अनुसंधान प्रतिष्ठान के निदेशक डा. पीके गुप्ता बताते हैं कि अभी हमारे केंद्र के विज्ञानी जी 389 किस्म पर कार्य कर रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों में विभिन्न जलवायु परिस्थिति वाले क्षेत्रों में इसका ट्रायल चल रहा है। करीब 50 अलग-अलग जगहों पर इसका ट्रायल हो रहा है। ट्रायल के नतीजे सही आने के बाद इस किस्म को अनुमोदन के लिए भारत सरकार के समक्ष भेजा जाएगा।

पीके गुप्ता का कहना है कि यदि हम सफल होते हैं तो यह लहसुन के क्षेत्र में एक तरह की क्रांति होगी। इसकी खासियत केवल खरीफ मौसम में लहसुन उत्पादन ही नहीं है, बल्कि यह रबी मौसम में उत्पादित लहसुन के मुकाबले करीब दो महीने कम की अवधि में तैयार होगा।

**बागवानी फसल है लहसुन**

पिछले कुछ वर्षों में देश में धान, गेहूं जैसी पारंपरिक फसलों के अलावा बागवानी फसलों (सब्जी-फल-मसालों) की खेती का रकबा तेजी से बढ़ा है। भारत में लहसुन को मसालों वाली फसलों की श्रेणी में रखा गया है। इसे कई व्यंजनों में मसाले के तौर पर प्रयोग किया जाता है। इसके इलावा इसमें कई ऐसे तत्व हैं जिनका इस्तेमाल दवाइयों में होता है। इसमें प्रोटीन, फास्फोरस व पोटेशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। यह पाचन क्रिया में मदद करता है और मानव रक्त में कोलस्ट्राल की मात्रा को कम करता है।

# बॉलिंग के दौरान गेंदबाज को आया हार्ट अटैक और कुछ ही सेकंड में तोड़ दिया दम



नई दिल्ली। क्रिकेट खेलने के दौरान युवाओं की हार्ट अटैक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अहमदाबाद में गेंदबाजी करते-करते अचानक हार्ट अटैक आने से एक जीएसटी अधिकारी की मौत हो गई है। यह घटना अहमदाबाद के शांति निकेतन मैदान पर जीएसटी कर्मचारी एकादश और सुरेंद्रनगर जिला पंचायत एकादश के बीच खेले जा रहे क्रिकेट मैच के दौरान हुई है।

गुजरात के अहमदाबाद में क्रिकेट मैच खेलने के दौरान एक गेंदबाज की अचानक मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि अहमदाबाद के शांति निकेतन मैदान पर जीएसटी कर्मचारी एकादश और सुरेंद्रनगर जिला पंचायत एकादश के बीच क्रिकेट मैच खेला जा रहा था। जीएसटी अधिकारी वसंत राठौड़ गेंदबाजी कर रहे थे। इसी बीच उन्हें अचानक हार्ट अटैक आया और वह जमीन पर गिर पड़े। यह देख अन्य खिलाड़ी भागकर उनके पास पहुंचे और उन्हें पानी पिलाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही सेकंड में उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद मैदान पर मातम छा गया। जीएसटी अधिकारी की मौत का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, जीएसटी अधिकारी वसंत राठौड़ दोस्तों संग रविवार सुबह अहमदाबाद के शांति निकेतन मैदान पर क्रिकेट मैच खेल रहे थे। राठौर गेंदबाजी कर रहे थे कि इसी बीच उनके सीने में तेज दर्द हुआ और वह सीना पकड़कर जमीन पर बैठ गए।

इससे पहले ही अन्य खिलाड़ी उनके पास पहुंचते वह जमीन पर गिर गए। साथी खिलाड़ियों ने उन्हें सीपीआर देने का भी प्रयास किया, लेकिन उनकी सांसें बंद हो चुकी थीं। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


**कैमरे में कैद हुआ लाइव मौत का वीडियो**

बता दें कि कुछ युवक मैच का वीडिया भी बना रहे थे। जैसे ही वसंत राठौर को परेशानी हुई तो युवकों ने उनका वीडियो बना लिया। अब वसंत राठौर की लाइव मौत का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें क्रिकेट खेलने के दौरान हार्ट अटैक से मौत का यह पहला मामला नहीं है। हाल ही में तीन युवक क्रिकेट खेलने के दौरान हार्ट अटैक से जान गंवा चुके हैं।

**हाल ही तीन युवकों की मौत**

पिछले रविवार को भी सूरत और राजकोट में क्रिकेट खेलने के दौरान दो युवकों की हार्ट अटैक से मौत हुई थी। उनको भी क्रिकेट खेलने के दौरान ही सीने में दर्द हुआ था। जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, 15 दिन पहले गुजरात के डीसा से बहन के यहां राजकोट शादी में आए 21 वर्षीय भरत बरैया की क्रिकेट खेलने के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।

# पूर्व कोच रवि शास्त्री ने टीम पर लगाए गंभीर आरोप और गिनाईं खामियां



भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि अनुशासन की कमी ने ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में निराश किया है और उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को सलाह दी कि वे बुनियादी बातों पर वापस जाएं और श्रृंखला में वापसी करने के प्रयास में अधिक धैर्य के साथ खेलें। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया ने अभी तक जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सीरीज में 2-0 से बढ़त रखी है। अब भारतीय टीम की नजर 1 मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच पर टिकी है। इसी बीच भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि अनुशासन की कमी ने ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में निराश किया है और उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को सलाह दी कि वे बुनियादी बातों पर वापस जाएं और श्रृंखला में वापसी करने के प्रयास में अधिक धैर्य के साथ खेलें।

द आईसीसी रिव्यू के नए एपिसोड में रवि शास्त्री से पूछा गया कि ऑस्ट्रेलिया से अब तक कहां गलतियां हुई हैं। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि उनकी प्लानिंग कमजोर रही है। अपने बचाव में विश्वास की कमी। प्लानिंग की कमी और अनुशासन की कमी अवास्तविक थी और ऑस्ट्रेलिया ने इसके लिए बड़ी कीमत चुकाई है।

**आक्रामक होने की बजाय क्रीज पर टिकें**-रवि शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को अब आक्रामक दृष्टिकोण के बजाय शेष टेस्ट मैचों के दौरान क्रीज पर टिकना चाहिए। उन्होंने कहा- बुनियादी चीजों पर वापस जाना बहुत महत्वपूर्ण है। यदि आप अपने बचाव पर भरोसा नहीं करते हैं तो आपके पास कोई मौका नहीं है, क्योंकि उस समय आप मुक्त होने के विचारों का मनोरंजन करते हैं, जितना कि आपको सामान्य रूप से होना चाहिए।

**4-0 से सीरीज वाइटवॉश से बचने की जरूरत**-उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को लंदन में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए 4-0 से सीरीज वाइटवॉश से बचने की जरूरत है। 60 वर्षीय शास्त्री जानते हैं कि इंग्लैंड में परिस्थितियां उन टीमों से काफी अलग होंगी, जिनका सामना भारत में टीमों को करना पड़ रहा है, लेकिन उनका मानना है कि घरेलू धरती पर अगले दो टेस्ट मैच जीतने पर उनकी टीम को महत्वपूर्ण मानसिक बढ़त हासिल होगी।

# ऑस्ट्रेलिया लगाएगी वर्ल्ड कप की जीत का सिक्स या साउथ अफ्रीका रचेगी इतिहास,कौन किस पर भारी



## दक्षिण अफ्रीका की संभावित प्लेइंग इलेवन

लौरा वोल्वार्ड्ट, तजमिन ब्रिट्स, मारिजैन कैप, सुने लुस (कप्तान), क्लो ट्रायोन, एनेके बॉश, नादिन डी क्लार्क, सिनालो जाफ्ता, शबनीम इस्माइल, अयाबोंगा खाका और नॉनकुलुलेको म्लाबा।

ऑस्ट्रेलिया की संभावित प्लेइंग इलेवन

एलिसा हीली, बेथ मूनी, मेग लैनिंग (कप्तान), एशले गार्डनर, ग्रेस हैरिस, एलिस पेरी, ताहलिया मैकग्राथ, जॉर्जिया वेयरहम, जेस जोनासेन, मेगन शुट्ट और डार्सी ब्राउन।

महिला टी20 वर्ल्ड कप के तहत आज शाम 6.30 बजे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। देखने वाली बात ये होगी कि दक्षिण अफ्रीकी पहली बार विश्व विजेता बनने में कामयाब हो पाती है या फिर ऑस्ट्रेलिया की टीम वर्ल्ड कप जीतने का सिक्स लगा पाएगी।

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच महिला टी20 वर्ल्ड कप 2023 के तहत आज 26 फरवरी को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे केपटाउन में खेला जाएगा। मेजबान साउथ अफ्रीकी टीम के लिए ये मैच बेहद खास है, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार किसी आईसीसी टी20 वर्ल्ड के फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हो सकी है। अफ्रीका की पुरुष टीम भी अब तक किसी आईसीसी वर्ल्ड कप के अंतिम दो में नहीं पहुंच सकी है। अब देखने वाली बात ये होगी कि दक्षिण अफ्रीकी पहली बार विश्व विजेता बनने में कामयाब होती है या फिर ऑस्ट्रेलिया की टीम वर्ल्ड कप जीतने का सिक्स लगाएगी।

बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार पिछले दो वर्ल्ड कप जीतने में कामयाब रही है। वहीं अब तक के महिला टी20 वर्ल्ड कप की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया टीम ने 7 में से पांच खिताब अपने नाम किए हैं। इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम खिताब जीतने का सिक्स लगाने के इरादे से उतरेगी। इससे पहले कंगारू टीम ने टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय टीम को हराकर जीता था।

लगातार 7वीं बार फाइनल खेलेगा ऑस्ट्रेलियाकंगारू महिला टीम इस विश्व कप में अभी तक अजेय है। इसके साथ ही यह लगातार 7वीं बार है, जब ऑस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल खेलने जा रही है। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ताकत की बात करें तो बल्लेबाजी में एलिसा हीली और मेग लैनिंग के साथ गेंदबाज मेगन स्कट टीम को मजबूती प्रदशन करती हैं। आज का मुकाबला इन्हीं खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

# 5 बार की विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया फाइनल को लेकर दबाव में, जानें क्या बोलीं कप्तान



ऑस्ट्रेलिया टीम की कप्तान मेग लैनिंग महिला टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल से पहले कहा है कि हर किसी पर दबाव है, क्योंकि यह विश्व कप फाइनल है। दक्षिण अफ्रीका वास्तव में अच्छी क्रिकेट खेल रहा है। वे भावनाओं की लहर पर सवार हैं, इसलिए हम निश्चित रूप से इसके लिए तैयार हैं।

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 में पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया हल्के में नहीं ले रही है। कप्तान मेग लैनिंग को लगता है कि फाइनल मुकाबला होने के कारण सभी पर दबाव होगा। ऑस्ट्रेलिया ने सात आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में से पांच में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है, लेकिन इससे पहले मेजबानों का सामना नहीं किया है। रविवार को न्यूलैंड्स में कदम रखते ही लैनिंग और उनके साथियों को थोड़ा समर्थन मिलने की उम्मीद है, लेकिन वे चुनौती के लिए तैयार हैं। लैनिंग ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हर किसी पर दबाव है, क्योंकि यह विश्व कप फाइनल है।लैनिंग ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका वास्तव में अच्छी क्रिकेट खेल रहा है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वे बाहर आएंगे और अपनी पूरी ताकत से खेलेंगे। वे भावनाओं की लहर पर सवार हैं, इसलिए हम निश्चित रूप से इसके लिए तैयार हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उनके सेमीफाइनल में एक अविश्वसनीय माहौल था और भीड़ निश्चित रूप से घरेलू टीम के लिए चीयर कर रही थी। इसलिए हम उसके लिए तैयार हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि हम जानते हैं कि हम शायद ऐसी टीम नहीं बनने जा रहे हैं, जिसके लिए हर कोई चीयर करेगा। उन्होंने कहा कि हम उत्साहित हैं, हम वहां से बाहर निकलने और खेलने का इंतजार नहीं कर सकते और इसमें कोई शक नहीं कि यह एक शानदार प्रतियोगिता होगी।लैनिंग को उम्मीद है कि अंतिम-चार की तनावपूर्ण भिड़ंत में उनकी घबराहट पूरी तैयारी के रूप में काम करेगी। उन्होंने कहा कि पहले दबाव की स्थिति में होने से हमें मदद मिलती है। आप उस समय में बहुत कुछ सीखते हैं ।



# बायर्न म्यूनिख ने मेंज को हराकर जर्मन कप के क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

बायर्न ने 17वें मिनट में एक गोल किया, जब जोआओ कैंसिलो ने गेंद को दूर ले जाने की कोशिश की और मैक्सिम एरिक चौपो-मोटिंग ने बाएं पैर से गोल दागा। नगेल्समैन ने आगे कहा, मेंज एक शानदार टीम है। मुझे लगता है कि खिलाड़ी इस बात से हैरान थे कि हम पहले हाफ में कितने आक्रामक तरीके से खेले।पहले हाफ में किए गए तीन गोलों की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बुधवार को जर्मन कप के अंतिम 16 मुकाबले में मेंज के खिलाफ 4-0 से जीत दर्ज की। जर्मन ने शुरूआत से ही बागडोर संभाली और शुरूआती चरणों में किंग्सले कोमन और जमाल मुसियाला की बदौलत मौके बनाए।बायर्न ने 17वें मिनट में एक गोल किया, जब जोआओ कैंसिलो ने गेंद को दूर ले जाने की कोशिश की और मैक्सिम एरिक चौपो-मोटिंग ने बाएं पैर से गोल दागा। नगेल्समैन ने आगे कहा, मेंज एक शानदार टीम है। मुझे लगता है कि खिलाड़ी इस बात से हैरान थे कि हम पहले हाफ में कितने आक्रामक तरीके से खेले।मेंज के खेल निदेशक मार्टिन श्मिट ने कहा, बायर्न ने स्पष्ट रूप से पहले हाफ में शानदार प्रदर्शन किया। अगर हम पहले हाफ में भी वैसा ही खेले होते जैसा हमने दूसरे में किया, तो हम बायर्न का सामना करने में सक्षम होते। वहीं, लीपज़िग ने हॉफेनहाइम को 3-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

रियल मैड्रिड के फेरलैंड मेंडी को टीम से दो महीने के लिए बाहर किया जा सकता है, क्योंकि ला लीगा क्लब ने पुष्टि की है कि उन्हें मांसपेशियों में चोट लगी है। क्लब की वेबसाइट के मुताबिक, हमारे खिलाड़ी फेरलैंड मेंडी के रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज द्वारा आज किए गए परीक्षण के बाद पता चला है कि उनके बाएं पैर की मांसपेशी में चोट लगी है। उनकी रिकवरी पर नजर रखी जाएगी।

# मेसी-नडाल और वेरस्टापेन लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर 2022 पुरस्कार के लिए घोषित किए गए नामांकित खिलाड़ियों में किलियन एम्बाप्पे, टेनिस के दिग्गज राफेल नडाल, मैक्स वेरस्टापेन, एनबीए चैंपियन स्टीफ करी, विश्व रिकॉर्ड धारक मोंडो डुप्लांटिस के साथ अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप खिताब दिलाने वाले लियोनेल मेसी शामिल किए गए हैं।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए घोषित किए गए नामांकित लोगों में किलियन एम्बाप्पे, टेनिस के दिग्गज राफेल नडाल, मैक्स वेरस्टापेन, एनबीए चैंपियन स्टीफ करी और पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड धारक मोंडो डुप्लांटिस के साथ अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप खिताब दिलाने वाले लियोनेल मेसी शामिल किए गए हैं। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामांकित लोगों ने 2022 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। जबकि किलियन एम्बाप्पे की फाइनल में हैट्रिक ने उन्हें गोल्डनबूट दिलाया। विश्व कप के अग्रणी गोलस्कोरर को नडाल के साथ शॉर्टलिस्ट किया गया है।

# इंदौर टेस्ट से पहले सौरव गांगुली की बड़ी भविष्यवाणी, इतने मैच से सीरीज जीतेगा भारत



टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने ऐसी भविष्यवाणी की है, जिससे ऑस्ट्रेलियाई खेमे में हड़कंप की स्थिति है। अक्सर सुर्खियों में रहने वाले सौरव गांगुली ने यह भविष्वाणी यूं ही नहीं की है। उन्होंने भारतीय टीम के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए यह अनुमान जताया है। उन्होंने कहा है कि हम यहां की परिस्थितियों में उनसे बेहतर हैं।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती दो टेस्ट मैचों में भारतीय टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है और चार टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त रखी है। अब टीम इंडिया की निगाहें 1 मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट पर हैं, ताकि मुकाबला जीत कर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जा सके। इसी बीच टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने ऐसी भविष्यवाणी की है, जिससे ऑस्ट्रेलियाई खेमे में हड़कंप की स्थिति है। अक्सर सुर्खियों में रहने वाले सौरव गांगुली ने यह भविष्वाणी यूं ही नहीं कि है। उन्होंने भारतीय टीम के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए यह अनुमान जताया है।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सौरव गांगुली क्रिकेट से जुड़े किसी न किसी मामले को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। अब उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के आगामी दोनों मैचों को लेकर बड़ी भविष्यवाणी कर दी है। उनका कहना है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करने वाली है यानी 4-0 से सीरीज अपने नाम करने वाली है।

गांगुली बोले- हम उनसे बेहतर

सौरव गांगुली ने कहा है कि मैं भारत को 4-0 से सीरीज जीतते देख रहा हूं। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए भारत को हराना बेहद मुश्किल होगा। घरेलू परिस्थितियों में हम उनसे बेहतर टीम हैं। बता दें कि टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को नागपुर और दिल्ली टेस्ट महज तीन दिन में ही हराते हुए बड़ी जीत दर्ज की है। अब भारत के पास सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त है।

ऑस्ट्रेलिया को झोंकनी होगी पूरी ताकत

भारत ने जहां नागपुर टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम को पारी और 132 रनों से हराया था। वहीं, दिल्ली टेस्ट में 6 विकेट से धूल चटाई थी। भारत ने लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को रिटेन कर लिया है। बहरहाल, अगर ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से सीरीज हारने से बचना है तो अगले दो मैचों में पूरी ताकत झोंकनी होगी।



# 'साढ़े 8 साल के बाद हिजड़ों की फौज में आएगा देश का नाम', बिहार के मंत्री के विवादित बोल



बिहार सरकार में मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव ने अग्निवीर स्कीम की आलोचना करते हुए विवादित बयान दे दिया है। उन्होंने कहा कि ठीक आज से सारे 8 साल के बाद देश का नाम हिजड़ों की फौज में आएगा। उन्होंने कहा कि सारे 8 साल के बाद जितना भी पुराना पुराना सेना है, यह सब रिटायर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद 4 साल वाले अग्निवीर सेना की तो ट्रेनिंग भी पूरी नहीं हो पाएगी। इनके लिए शादी के लिए आए कुटुंब रिटायर फौजी जानकर लौट जाएंगे। इनकी शादी भी नहीं हो पाएगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अग्निवीरों के लिए 4.5 साल बाद क्या व्यवस्था की जाएगी? इस बात को प्रधानमंत्री से जानना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि हमारी सेना ताकतवर मानी जाती है। पूरी दुनिया की सेना भारतीय सेना से लड़ना नहीं चाहती।

इसके साथ ही उन्होंने यह सवाल किया कि अग्निवीर योजना के तहत जब सेना में नौकरी दी जाएगी तो किस प्रकार की सेना की बहाली होगी? साढ़े 4 साल में कौन सा सेना बनेगा? अग्निवीर योजना बिल्कुल पूरी तरह से गलत है। जो भी इस प्रस्ताव को लाया है, उसे फांसी पर चढ़ा दिया जाना चाहिए। दरअसल, पूर्णिया में 25 फरवरी को होने वाली महागठबंधन महारैली को लेकर सीमांचल के दौरे पर सुरेंद्र यादव गए थे। इसी दौरान उनसे कुछ सवाल पूछे गए थे। उन्हीं सवालों के जवाब में उन्होंने यह टिप्पणी की है। इतना ही नहीं, उन्होंने मोदी सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की और कहा कि नरेंद्र मोदी चाय बेचते थे। चाय बेचना अच्छी बात है लेकिन चाय बेचते बेचते देश को बेचा जा रहा है। उन्होंने अपनी योजना को साफ तौर पर कहा कि यह देश की सेना को कमजोर करेगा।

अग्निवीर स्कीम को लेकर बिहार में जबरदस्त बवाल हुआ था। विपक्ष ने इस योजना पर कई बड़े सवाल उठाए थे। सुरेंद्र यादव फिलहाल बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री हैं। वह राजद कोटे से नीतीश सरकार में शामिल हुए हैं। लेकिन ऐसा पहला मौका नहीं है, जब वह इस तरह का विवादित बयान दे रहे हैं। इससे पहले भी विवादित बयान दे चुके हैं। कुछ दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि जब चुनाव आता है तो बीजेपी सरकार सेना पर हमले करवाती है। इस बार ऐसा लगता है कि बीजेपी किसी देश पर हमला करेगी।

# Earthquake के तेज झटकों से जल्द कांपेगा भारत? तुर्की में जलजले की भविष्यवाणी करने वाले रिसर्चर का दावा




तुर्की-सीरिया में भूंकप आने के 3 दिन पहले ही उसकी भविष्यवाणी करने वाले डच रिसर्चर फ्रैंक हूगरबीट्स एक बार फिर चर्चा में हैं. दरअसल, आज चीन में 7.3 तीव्रता का तेज भूकंप आया है. इस भूकंप का असर चीन के शिंजियांग इलाके के अलावा पूर्वी ताजिकिस्तान में भी दिखा है. इसके बाद से ही लोग डच रिसर्चर फ्रैंक हूगरबीट्स की भारतीय उपमहाद्वीप में भूकंप को लेकर की गई भविष्यवाणी को लेकर बात करने लगे हैं. हाल ही में, डच रिसर्चर फ्रैंक हूगरबीट्स ने एक वीडियो में कहा कि जल्द अधिक तीव्रता भूकंप भारतीय उपमहाद्वीप में आ सकता है. इसका असर पाकिस्तान, अफगानिस्तान और भारत पर हो सकता है.

**डच रिसर्चर का बड़ा दावा**

बता दें कि भारतीय उपमहाद्वीप में भूकंप की भविष्यवाणी की बात डच रिसर्चर फ्रैंक हूगरबीट्स ने जिस वीडियो में की है वह तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. फ्रैंक हूगरबीट्स के भूकंप की भविष्यवाणी के वीडियो को अब तक 26 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं. हालांकि, भूकंप पर इस तरह की भविष्यवाणी पर सवाल भी उठाए गए हैं और इसको गलत बताया है.

**फ्रैंक हूगरबीट्स कौन हैं?**

जान लें कि फ्रैंक हूगरबीट्स एक डच रिसर्चर हैं. वह सोलर सिस्टम ज्योमेट्री सर्वे (SSGEOS) में रिसर्चर और सॉफ्टवेयर डेवलपर के रूप में काम करते हैं. फ्रैंक हूगरबीट्स ने भूकंप को लेकर कई भविष्यवाणियां की हैं. वहीं, स्स्त्नश्वह्रस् एक रिसर्च इंस्टीट्यूट है. यह भूकंप का अनुमान लगाने के खातिर आकाशीय पिंडों की निगरानी करता है.

**भूकंप की भविष्यवाणी का सच!**

हालांकि, यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (स्त्रस्) के अनुसार, न ही यूएसजीएस और ना ही किसी और वैज्ञानिक ने कभी किसी बड़े भूकंप की भविष्यवाणी की है. हालांकि, यूएसजीएस के वैज्ञानिक सिर्फ इस संभावना की गणना कर सकते हैं कि एक बड़ा भूकंप किसी विशिष्ट इलाके में कुछ साल में आ सकता है. बाकी, भूकंप पर अन्य दावों को सच नहीं माना जा सकता है क्योंकि वे वैज्ञानिक सबूतो पर आधारित नहीं होते हैं.

# प्रयागराज में उत्तर प्रदेश का पहला तैरता रेस्तरां बनाने की तैयारी



संगम नगरी प्रयागराज में यमुना तट पर लगभग पांच करोड़ की लागत से उत्तर प्रदेश का पहला तैरता रेस्तरां बनाने को बुधवार को यहां हुई मंडलायुक्त की बैठक में सहमति प्रदान की गई। मंडलायुक्त कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, इस रेस्तरां को स्मार्ट सिटी द्वारा धन उपलब्ध कराया जा रहा है और इसे क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी यूपीएसटीडीसी को दी गई है। विज्ञप्ति के मुताबिक, यह रेस्तरां साल में नौ महीने पर्यटकों को आकर्षित करेगा और बाढ़ के तीन महीनों में इसे किसी सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाएगा।यमुना तट पर तैरता रेस्तरां के अलावा, बोट शेड, एक स्लिपवे, लोगों को एक साथ नौकायन करने की सुविधा के लिए दो कैटामारन, आपातकालीन स्थितियों में लोगों को बचाने के लिए दो स्पीड बोट, पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट और लाइफ गार्ड्स की भी व्यवस्था की जा रही है। विश्व के कई बड़े शहरों में नदियों के तटीय विकास से प्रेरणा लेते हुए और प्रयागराज में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यमुना नदी के तट पर उत्तर प्रदेश का पहला तैरता रेस्तरां बनाने पर बुधवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में हुई पर्यटन विभाग की बैठक में सहमति बनी।

इस रेस्तरां के संचालन की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन एवं विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) को दी गई है। इसे बनाने से पूर्व एनजीटी और अन्य संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाएगा। इस रेस्तरां को इस वर्ष बाढ़ से पहले तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

# समाजवाद से इनका कोई लेना देना नहीं है', यूपी विधानसभा में ब्रजेश पाठक के बयान पर सपा का हंगामा

उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है। आज बजट सत्र का पांचवा दिन है। हालांकि, आज भी विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जबरदस्त वार-पलटवार का दौर चलता रहा। वहीं, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के एक बयान को लेकर समाजवादी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। अध्यक्ष के आसन के सामने आकर नारेबाजी भी करने लगे। इतना ही नहीं, समाजवादी पार्टी के नेताओं ने उपमुख्यमंत्री के विरोध में नारे भी लगाए। दरअसल, पूरा मामला तब शुरू हुआ जब प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने नियम 56 के तहत स्वास्थ्य विभाग का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था खराब हालत में है और स्वास्थ्य महकमा वेंटिलेटर पर है।



इसके बाद स्वास्थ्य विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जवाब देने उठे। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और समाजवादी पार्टी पर प्रहार किया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवाद से इनका कोई लेना देना नहीं है, ये नकली समाजवादी हैं, ये ढोंगी समाजवादी हैं, ये अराजकता फैलाते हैं। इसी के बाद बवाल शुरू हो गया। सपा सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल में आ गये और उपमुख्यमंत्री और सरकार के विरोध में नारे लगाने लगे। हालांकि, उपमुख्यमंत्री ने भी सपा के खिलाफ बोलना जारी रखा। हंगामा बढ़ते देख विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उप मुख्यमंत्री को बोलने से रोकते हुए बैठने का अनुरोध किया तो वह (पाठक) अपनी सीट पर बैठ गये। इसके बाद भी कुछ देर तक सपा सदस्य नारेबाजी करते रहे। अध्यक्ष ने चेतावनी के साथ वरिष्ठ सदस्यों से अनुरोध किया तो सपा सदस्य अपनी सीट पर वापस लौट आये।

संबोधन की शुरुआत में ही शिवपाल यादव ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर तंज कसते हुए कहा कि ये पहले कांग्रेस में थे, फिर बहुजन समाज पार्टी से लोकसभा सदस्य और राज्यसभा सदस्य बने और फिर भाजपा में आकर उपमुख्यमंत्री हो गये। यादव ने बृहस्पतिवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान समाजवादियों पर पाठक द्वारा की गयी टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों आप अटल बिहारी वाजपेयी और दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलना सीखो, उन्होंने कभी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। यादव ने पाठक को छापामार मंत्री करार देते हुए कहा कि कोई इनकी सुनता नहीं है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का पूरा बजट खर्च हो गया होता तो बहुत सी समस्या हल हो गयी होती। बृहस्पतिवार को पाठक ने कहा था समाजवाद की परंपरा को जिन लोगों ने आगे बढ़ाया वे दुनिया छोड़कर गये तो उनके पास एक फटी धोती भी नहीं थी, लेकिन आज नकली समाजवादी जो लाल टोपी लगाकर अपने को समाजवादी कहते हैं।

पाठक ने कहा कि उनसे पूछिए कि ऐसा कौन सा काम किये कि 10 रुपये से खाता खोलकर आज लाखों-करोड़ों में पहुंच गये हैं। शिवपाल के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में अस्पतालों को लूट का अड्डा बना दिया गया था और चिकित्सकों से आधा पैसा लेकर उन्हें अस्पताल में नहीं आने की छूट दी जाती थी। पाठक ने कहा कि अब स्थिति बदली है और प्रतिदिन एक लाख 70 हजार मरीज आते हैं और प्रतिदिन पांच हजार मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन होता है। इस बीच शिवपाल के बयान पर हस्तक्षेप करते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि लोहिया ने हमेशा जाति तोड़ने की बात की, लेकिन आप लोग जाति की बात करते हैं। इस पर शिवपाल ने कहा कि लोहिया जी का नारा था- ''पिछड़े पावें सौ में साठ'' और हम सपा के लोग इसके लिए लड़ाई लड़ेंगे।

# गूगल पर गलती से भी सर्च न करें ये 5 चीजें!

गूगल सबसे पॉपुलर सर्च इंजन है. कुछ भी जानना हो तो लोग गूगल का ही इस्तेमाल करते हैं. लेकिन आपको बता दें गूगल पर कुछ भी सर्च नहीं कर सकते. कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जो गैरकानूनी है. त्नश्वद्दद्ब पर कंटेंट खोजने के लिए आपको जेल जाना पड़ सकता है. इसलिए जब भी आप गूगल पर कुछ सर्च करें तो बहुत सोच-समझकर सर्च करें. आज हम आपको ऐसे ही कंटेंट के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें गलती से भी गूगल पर सर्च न करें, नहीं तो मुश्किल में पड़ सकते हैं.

**बम बनाने का तरीका**-कई बार लोग ऐसी चीजें सर्च करते हैं, जिनका कोई मतलब नहीं होता है. लेकिन ऐसा करके वो खुद को मुसीबत में डाल सकते हैं. जैसे बम बनाने का तरीका. इसको भूलकर भी सर्च न करें. इन गतिविधियों पर सायबर सेल की नजर होती है. सुरक्षा एजेंसियां आपके खिलाफ कार्रवाई कर सकती हैं. जिसमें आपको जेल भी जाना पड़ सकता है. सोशल मीडिया या गूगल पर प्राइवेट फोटो या वीडियो लीक करना भी गंभीर अपराध माना जाता है. इस वजह से जेल भी हो सकती है.

**गर्भपात कैसे करें**-गर्भपात के तरीके सर्च करना भी अपराध की श्रेणी में आता है. आप ऐसा बिल्कुल न करें. भारतीय कानून के अनुसार डॉक्टर के परामर्श के बिना गर्भपात नहीं किया जा सकता.

चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर भारत सरकार काफी सख्त है. गूगल पर चाइल्ड पोर्न सर्च करना, देखना या फिर शेयर करना अपराध है. उल्लंघन करते पाए गए तो जेल हो सकती है.

फिल्म पायरेसी-मूवी रिलीज से पहले ऑनलाइन लीक करना अपराध के श्रेणी में आता है. अगर आप ऑनलाइन लीक या फिर डाउनलोड करते हैं तो यह एक बड़ा अपराध है. भारत सरकार के इस कानून का उल्लंघन करने पर 3 साल की जेल और 10 हजार रुपये का जुर्माना भरना पड़ सकता है.

# कोल्ड ड्रिंक वाला गोलगप्पा भी आ गया..मार्केट में इसी की कमी थी




सोशल मीडिया पर आए दिन स्ट्रीट फूड्स के वीडियो वायरल होते रहते हैं. पिछले दिनों जहां आइसक्रीम वाला गोलगप्पा वायरल हुआ था तो वहीं अब कोल्ड ड्रिंक वाला गोलगप्पा वायरल हो रहा है. इस वीडियो के वायरल होते ही इस पर प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया. हालांकि इस पर मिलीजुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है.

दरअसल, इस वीडियो को एक यूजर ने ट्विटर पर शेयर किया है. उन्होंने कैप्शन लिखा कि पानी पूरी लवर्स के लिए यह नई चीजें सामने आई है. अगर आप इसे पसंद करते हैं तो उसे जरूर खाएंगे. वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग मिलकर यह नया एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं. इसे कोल्ड ड्रिंक वाला गोलगप्पा कहा जा रहा है.

वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग पानी पूरी की पानी में कोल्ड ड्रिंक मिला रहे हैं और फिर उसमें सारे मसाले डाल रहे हैं. इसी को गोलगप्पे में डालकर ऊपर से मटर मिला रहे हैं और उसको पुचके में डाल रहे हैं. इसके बाद इसका सेवन कर रहे हैं. इस दौरान एक महिला इस गोलगप्पे को खाती हुई नजर आ रही है.

वीडियो के पहले हिस्से में दिख रहा है कि शख्स अपने एक कटोरे में कोल्डड्रिंक डालता है, फिर उसमें जलजीरा, नमक और दूसरे मसाले डालता है. इसके बाद वह गोलगप्पा उठाता है और उसमें आलू का मसाला भरता है. दूसरे हिस्से में दिख रहा है कि महिला गोलगप्पे को मुंह में डालते ही इसके स्वाद में खो जाती है. फिलहाल यह वीडियो लोगों को जमकर पसंद आ रहा है.

## कहीं बढ़ेगा पारा तो कहीं पड़ेगी बर्फ, अगले तीन दिन बेहद अहम


दिल्ली में 27 फरवरी तक तापमान 33 डिग्री तक जा सकता है. 28 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है, जिसके चलते जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी होगी और उत्तरी पंजाब, उत्तरी हरियाणा जैसे जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है. यह जानकारी द्बरूस्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामनी ने दी है.

उन्होंने कहा, पश्चिमी विक्षोभ के कारण 28 फरवरी और 1 मार्च को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी होगी. पंजाब के उत्तरी हिस्सों और जम्मू में बूंदाबांदी हो सकती है. पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में अगले 3 दिनों के दौरान तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी.

बता दें कि दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान इस मौसम में सामान्य से दो डिग्री कम 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी है. मौसम विभाग ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आस पास रहने की संभावना है. मौसम विभाग ने दिन के दौरान आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है. विभाग ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 93 प्रतिशत दर्ज की गई थी. सुबह करीब नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में 211 दर्ज की गई. एक्यूआई के शून्य से 50 के बीच रहने पर अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बेहद खराब और 401 और 500 के बीच का स्तर गंभीर श्रेणी का माना जाता है.

वहीं जम्मू-कश्मीर में 24 घंटों में मौसम शुष्क और साफ रहा. मौसम विभाग ने शनिवार को कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान भी शुष्क मौसम जारी रहने की संभावना है. श्रीनगर में शनिवार को न्यूनतम तापमान 1.6, पहलगाम में माइनस 3.2 और गुलमर्ग में माइनस 1 डिग्री सेल्सियस रहा. लद्दाख क्षेत्र में करगिल में न्यूनतम तापमान माइनस 12.4 और लेह में माइनस 9 डिग्री सेल्सियस रहा. जम्मू में 11, कटरा में 11.6, बटोटे में 8, बनिहाल में 6.4 भद्रवाह में न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस रहा.

# अकबर के हरम में थी 5000 औरतें फिर भी हिजड़ों से कराता था ये काम, रानियों पर था शक!




आपने इतिहास में मुगलों के बारे में जरूर पढ़ा होगा और उसमें बादशाह अकबर के युद्धों के बारे में जाना होगा, लेकिन आज हम आपको अकबर के हरम की ऐसी कहानी बता रहे हैं. जिसे जानने के बाद आप भी भौचक हो जाएंगे. आपने ये बात तो सुनी होगी कि अकबर के हरम में लगभग 5 हजार औरतें थी, लेकिन इसके अलावा वो हरम में हिजड़ों को भी रखता था. आप भी सोचेंगे कि जब इतनी सारी रानियां थी तो हिजड़ों को हरम में क्यों रखा जाता था. दरअसल, इसके पीछे अकबर की सोची समझी रणनीति थी. आइए जानते हैं वह इन लोगों से क्या कराता था?

**हिजड़ों का होता था ऐसे इस्तेमाल**

अकबर के हरम में 5 हजार से भी ज्यादा महिलाएं थीं, लेकिन इसके अलावा वहां हिजड़ों को भी रखा जाता था. आपको बता दें कि ये किन्नर अकबर के बहुत ही विश्वासपात्र होते थे. ऐसे में वह हरम में सैनिकों को नहीं रखता था और इनकी जगह हिजड़े ही वहां पर सुरक्षा करते थे. दरअसल, रानियों के साथ महिलाएं भी होती थी लेकिन उन्हें इतना शक्तिशाली नहीं माना जाता था कि वे हरम की सुरक्षा कर पाएं.

**हिजड़ों को मिलती थी सैलरी?**

हरम के जो भी महिलाएं-हिजड़े काम करते थे. उन्हें सैलरी दी जाती थी. आपको बता ऐं कि दरोगा को सबसे ज्यादा एक हजार रुपये महीने का वेतन भी दिया जाता था. वहीं जो नौकर होते थे, उन्?हें दो रुपये महीने सैलरी दी जाती थी. इतालवी लेखक निकोलाओ बताते हैं कि जब हरम में कोई बीमार होता था तो हकीम को पूरी तरह से कवर कर के हरम में ले जाते थे.

**हकीम कैसे करते थे इलाज**

जॉन मार्शल जो अंग्रेज यात्री-लेखक थे. वे बताते हैं कि हकीम, मरीज के पूरे शरीर पर रूमाल रगड़ते थे. इसके बाद इस रूमाल को पानी के एक जार में रखते थे और फिर इसकी सुगंध से बीमारी का पता लगाया जाता था.

# हैरत अंगेज : नाग को गले में डालकर करतब दिखा रहे थे..मुंह में घुसकर डस लिया फिर...




अपने ही जीवन की कीमत लोगों को शायद पता नहीं होती इसलिए कई बार वह ऐसी हरकत कर बैठते हैं, जो उनकी जान को भारी पड़ जाती है. ऐसा ही एक और दुर्भाग्यपूर्ण मामला सामने आया है जहां पर एक शख्स ने कोबरा नाग को ही अपने गले में लटका लिया और करतब दिखाने लगा. इसके बाद कुछ ऐसा हो गया जिसके चलते उसकी जान चली गई.

**शख्स के घर अचानक सांप निकला**

दरअसल, यह घटना बिहार के सिवान जिले की है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां के एक गांव में इंद्रजीत नाम के एक शख्स के घर अचानक सांप निकला. सबसे पहले घर के बच्चों ने उसे देखा. इसके बाद बड़ों को बुलाया गया. थोड़ी ही देर में यह शख्स भी वहां पहुंच गया. बताया जा रहा है कि यह शख्स नशे में था. और उसने सांप को अपने हाथ से ही उठा लिया.

**शख्स इस कदर नशे में था कि॒**

उसके घर के लोग उसे रोकते रहे लेकिन वह कोबरा सांप हो अपने हाथ से ही उठा लिया. इसके बाद भी वह नहीं रुका. उसने सांप को पहले अपने गले में लटकाया और फिर उसे लेकर गांव में घूमने निकल गया. आगे-आगे वह सांप को गले में लटकाकर घूमता रहा, पीछे-पीछे गांव वाले और बच्चे करतब देखने निकले. यह शख्स इस कदर नशे में था कि उसे पता ही नहीं चल पाया कि वह क्या कर रहा है.

**आखिर में वही हुआ जिसका डर था**

वह नशे में आगे बढ़ता रहा और कहता रहा कि वह सांप का गुरु है और सांप उसका गुरु है. उसने यह भी कहा कि उसे कुछ नहीं होगा. लेकिन यह सांप इतना खतरनाक था कि आखिर में वही हुआ जिसका डर था. वह सांप को अपने मुंह में डाल रहा था और बार-बार ऐसा कर रहा था. फिर अचानक सांप ने उसके होंठ पर ऐसा फन मारा कि वह तुरंत वहीं गिर पड़ा.

**आसपास के लोग दहशत में हैं**

उसे तत्काल एक अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उसकी जीवन लीला समाप्त हो चुकी थी. एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह बहुत ही खतरनाक सांप था. यह या तो कोबरा सांप था या फिर किसी अन्य प्रजाति का सांप था जिसे स्थानीय लोग नाग बता रहे हैं. फिलहाल इस घटना के बाद आसपास के लोग दहशत में हैं.

# रेलवे ने बजरंगबली को भेजा नोटिस

## इस बात को लेकर कार्रवाई की दी चेतावनी




मध्य प्रदेश के मुरैना में एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां रेलवे विभाग द्वारा बजरंगबली को नोटिस जारी करते हुए खुद का मकान हटाने के लिए 7 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है. हनुमान जी द्वारा खुद मकान नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है और इसका पूरा खर्चा बजरंगबली से वसूलने की बात भी लिखी है.

**मंदिर को अतिक्रमण मान रहा रेलवे विभाग**

दरअसल, यह पूरा मामला मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के सबलगढ़ इलाके का है. सबलगढ़ में इन दिनों ग्वालियर श्योपुर ब्रॉडगेज का काम चल रहा है. सबलगढ़ में ही स्थित 11 मुखी हनुमान मंदिर ब्रॉड गेज के रास्ते में आ रहा हैं, इसलिए रेलवे विभाग मंदिर को अतिक्रमण मानकर चल रहा है.

**7 दिन के अंदर मंदिर हटाने का निर्देश**

रेलवे विभाग ने इसके लिए बजरंगबली के नाम एक नोटिस जारी किया है. 8 फरवरी को जारी किए गए नोटिस में रेलवे विभाग द्वारा बजरंगबली को पार्टी बनाते हुए लिखा है कि बजरंगबली ने रेलवे की भूमि पर अपना मकान बना रखा है और इस मकान को 7 दिवस के अंदर खुद ही हटा लें नहीं तो रेलवे विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटाया जाएगा, जिसका पूरा हर्ज और खर्च बजरंगबली को देना होगा.

**नोटिस देखकर हैरान रह गए लोग**

हालांकि, रेलवे विभाग द्वारा जारी किए गए इस नोटिस के बारे में जब लोगों को जानकारी मिली तो लोग हैरान रह गए. मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि यह काफी अजीब मामला है. रेलवे विभाग द्वारा जारी यह नोटिस सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है.

**मध्य प्रदेश के मुरैना में एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां रेलवे विभाग द्वारा बजरंगबली को नोटिस जारी करते हुए खुद का मकान हटाने के लिए 7 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है. हनुमान जी द्वारा खुद मकान नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने की चेतावनी दी गइ**

# तीन युवकों ने फरसे से हमला कर युवती को उतारा मौत के घाट

## पुलिस ने हत्यारोपी एक युवक को किया गिरफ्तार
## एक तरफा प्रेम प्रंसग का था मामला, जिसकों लेकर दोनो परिवारों में था विवाद



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।बिधनू थाना क्षेत्र में मझावन के अटवा मिर्जापुर गांव में मंगलवार की सुबह एक युवती की उस समय हत्या कर दी गयी ज बवह सुबह अपने जानवरों को चारा पानी दे रही थी। हमलावर तीन की संख्या में थे और वारदात को अंजाम देते हुए युवती की छोटी बहन के चीखने पर हमलावर मौके से फरार हो गये। घटना के बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पडताल शुरू की तो वहीं गांव भर में आक्रोश का माहौल है।

मझावन थाना बिधनू के अटवा मिर्जापुर गाव के रहने वाले कदम सिंह के परिवार में उनकी पत्नी सुमित्रा, एक पुत्र तथा 6 बेटिया थी। कदम सिंह ने बताया कि मृतका उनकी तीसरे नम्बर की पुत्री थी, जिसकी उम्र 22 वर्ष की थी और वह प्रतिदिन घर से ही 200 मीटर दूरी पर बनी एक झोपडी, जहां उनके जानवर बधें रहते है वहां उन्हे चारा-पानी देने जाती थी। रोज की ही तरह मंगलवार को भी सीमा जानवरों को सुबह लगभग साढे छै बजे चारापानी कराने गयी थी। बताया कि पीछे से उसकी छोटी बहन निशान भी झोपडी में जा रही थी कि उसने देखा कि झोपडी में गांव के ही रणधीर ओर उसके दो अन्य साथी सीमा पर फरसे से प्रहार कर रहे थे, जिसके बाद वह चीखने लगी।शोर सुनकर ग्रामीण झोपडी की ओर दौडे तब तक हमलावर भाग निकले।वहीं हमले में सीमा की मौत हो चुकी थी और मौके पर ग्रामीणों की भीड लग गयी।पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।वहीं पिता कदम सिंह ने बताया कि पूर्व में रणधीर उनकी पुत्री को परेशान करता था और इसे लेकर 2020 में मारपीट भी हुई थी। तब से रणधीर का परिवार उनके परिवार से खुन्नस रखने लगा था और इसी के कारण रणधीर ने घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश देखकर फोर्स को बुला लिया गया। वहीं थाना प्रीारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि फारेंसिक टीम को बुलाया गया है, जांच की जा रही है। मामले में स्वजनों द्वारा तहरीर मिलने के उपरान्त आगे की कार्यवाही की जायेगी। घटना के बाबत पुलिस उपायुक्त दक्षिण प्रमोद कुमार ने कहा है कि किसी भी प्रकार से दोषियों को बक्शा नही जायेगी, फिलहाल गांव वालों के सहयोग से एक अपराधी को पकड लिया गया है, परिजनों से तहरीर ली जा रही है साथ ही उन्होने पूर्व की धटना पर कहा कि पूर्व में पुलिसकर्मियो द्वारा की गयी लापरवाही की भी जांच कराई जायेगी।

# चौकी के साथ भक्तों ने बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली श्री श्याम ध्वजा यात्रा

**बीपीएस न्यूज**
(अरुण कुमार अस्थाना)

कानपुर। ।श्री खाटू श्याम सेवा समिति परमट द्वारा श्री श्याम ध्वजा यात्रा श्री बनखंडेश्वर मंदिर पी रोड से उठकर श्री श्याम खाटू मंदिर आनंदेश्वर मंदिर प्रांगण परमट, तक आयोजित की गई। इस यात्रा में बाबा खाटू श्याम का अभूतपूर्व श्रृंगार किया गया। यात्रा में सैकड़ों भक्त रंग बिरंगी पोशाक बाबा का निशान ले कर बाबा का गुणगान करते हुए झूमते गाते चल रहे थे।







यात्रा परमट मंदिर में समाप्त हुई। इस यात्रा में शहर के अनेकों गणमान्य व्यक्तियों ने अपना समय दिया। यात्रा का जगह जगह पर फूलों और आरती के द्वारा स्वागत किया गया। इस यात्रा का आयोजन श्री खाटू श्याम सेवा समिति, परमट मंदिर के पुजारी पंडित रवि शंकर अवस्थी (गुड्डू पंडित ) द्वारा संचालित की गई।

इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी अभिमन्यु सक्सेना, ईशांत गुल जानी, विष्णु दीक्षित, राजेश झा, विक्रम अवस्थी, सतीश शर्मा, प्रतीक गुप्ता, प्रभात त्रिवेदी, विभु सैनी सहित अनेक भक्त गण उपस्थित रहे।

# नगर निगम द्वारा जारी बांड से होगा शहर का नियोजित विकास

## सौ करोड का पहला म्युनिसिपल बांड निकालेगी नगर निगम,जनता के धन से ही नगर निगम करायेगा शहर में पहले व्यावसायिक कॉपलेक्स का निर्माण

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जनता से ही पैसा लेकर जहां शहर का पहला व्यावसायिक कॉपलेक्स बनाया जायेगा तो शहर का नियोजित विकास भी कराया जायेगा और इसके लिए नगर निगम कानपुर द्वारा तेजी के साथ सौ करोड का मयुनिसिपल बांड निकालने की तैयारी की जा रही हैं

सरकार द्वारा जनता के धन के द्वारा विकास की नीति बनाई गयी है, जिसके अंतर्गत नगर निगमों द्वारा म्युनिसिपल बांड निकालने की तैयारी की जा रही है।ऐसा माना जा रहा है कि कानपुर नगर निगम भी आगामी जून माह तक बांड जारी कर देगा और इसके लिए तैयारी भी की जा रही है। इस सम्बन्ध मे नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा वीडियों कॉफ्रेसिंग के माध्यम से सभी नगर निगमों के साथ बांड के सम्बन्ध में जानकारी भी ली जा चुकी है।जो भी जनता का धन बांड के रूप में आयेगा उससे शहर मे पहला व्यावसायिक कॉम्पलेक्स बनाने के साथ ही शहर का नियोजित विकास कराया जायेगा। व्यवसायिक कॉम्पलेक्स के लिए शहर के घण्टाघर स्वरूप नगर तथा परेड के बीपी श्रीवास्तव मार्केट में जगह भी चिन्हित कर ली गयी है, जिसमें किसी एक स्थान पर व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जायेगा।




# अवैध निर्माणों को रूकवाकर तत्काल की जाये कार्यवाई नही तो होगा आंदोलन



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। एक तरफ जहां गरीब लोगों जो किसी प्रकार अपने भवन का निर्माण कराते है उन्हे भ्रष्ट अधिकारी अपने जेई व सुपरवाइजर भेज कर निर्माण रूकवाकर स्वंय को इमानदार होने का सर्टीफिकेट देते है तो वहीं दूसरी ओर मोटी रकम लेकर केडीए के अधिकारी नियमों का उल्लघन करते हुए अवैध निर्माण को बढावा देते है। यह बात अपना दल के नगर अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव बब्लू ने कही ।नवीन श्रीवासतव ने कहा कि अपना दल जन समस्या समाधान हेतु जगह जगह कैंप लगाकर लोगों की समस्या सुनेंगे और सम्बन्धित अधिकारियों से मिलकर निदान करायेगे। साथ ही कहा कि केडीए के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों ने कई अवेध निर्माण कराये और लगातार करवा भी रहे है, हम ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को 72 घंटे की चेतावनी दे हुए कहना चाहते है कि शहर में वर्तमान में हो रहे अवैध निर्माणों को तत्काल रूकवाया जाये और कार्यवाही की जाये साथ ही पार्टी के उच्च अधिकारी प्रदेश कके मुख्यमंत्री से भी शिकायत करेगे। पहले अवैध तरीके से मकान व बिल्डिंग बनावाई गयी और सरकार के हस्तक्षेप पर उनपर बुलडोजर चलवाया गया, जिससे विरोधी पार्टियों के लोगों को बुलडोजन पर विरोध करने का मौका दिया गया। सपा, बसपा के मानसिकता के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा सुनियोजिश साजिश के तहत काय कार्य यिका जा रहा है। कहा यदि तत्काल कार्यवाही नही होती है तो संघढन उनके खिलाफ आंदोलन करेगा।

# उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की संगोष्ठी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर।(विनय कुमार) उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की अति आवश्यक बैठक संपन्न हुई।जिसमें प्रांतीय नेतृत्व द्वारा सदस्यता शुल्क जमा करने व सदस्यता बढ़ाने पर चर्चा हुई। आज की अध्यक्षता श्री राकेश बाबू पांडे जिलाध्यक्ष द्वारा की गई इसमें कंपोजिट ग्रांट में हो रही धन उगाही पर विरोध की बात भी हुई तथा शिक्षकों के उपार्जित अवकाश पोर्टल पर दर्ज होने व प्रमोशन में पारदर्शिता व अतिशीघ्र अंतिम सूची जारी होने की वार्ता की गई ।सीसीएल पारित होने में अनियमितता हो रही है नगर क्षेत्र में 109 विद्यालयों को शिफ्ट किया गया है जबकि प्रांत में अन्य कहीं नहीं हुआ है। बैठक में प्रमुख रूप से राजकुमार अग्निहोत्री (अध्यक्ष महानगर), नरेंद्र कुमार द्विवेदी (मंत्री महानगर), अमरनाथ यादव, अरविंद शुक्ला, जितेंद्र गौड़, अखिलेश शुक्ला, कुलदीप, पुष्पेंद्र यादव, सचिंद्र सचान और न्याय सिंह आदि उपस्थित रहे।



# कानपुर: 80 पर्यावरण रक्षक फलदायी एवं औषधीय पौधों का किया गया रोपण





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। आयकर विभाग, कानपुर द्वारा भी हरित आयकर कार्यक्रम के अंतर्गत बृहत वृक्षारोपण समारोह का आयोजन उच्च प्राथमिक विघालय, लोधवाखेड़ा, विकास खंड कल्याणपुर, कानपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ लगभग 80 पर्यावरण रक्षक फलदायी एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति प्रधान आयकर आयुक्त मा0 डॉ प्रीती चंद्र दास द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ।इस अवसर पर बच्चों ने सुन्दर नृत्य एवं नाटिका द्वारा अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य अथिति ने प्रेरणा संदेश में स्कूल के बच्चों को वृक्षारोपण के लिये प्रेरित किया तथा अच्छे पर्यावरण का महत्व बताया। उन्होंने हरिशंकरी, जिसमें पीपल, बरगद एवं पाकड़ तीनो का वृक्षारोपण किया।यह तीनों वृक्ष पर्यावरण की रक्षा में महत्वूर्ण होते है ।आयकर अधिकारी शरद प्रकाश अग्रवाल ने पर्यावरण एवं पौधों के महत्व पर कविता पाठ किया। अपर आयकर आयुक्त श्रीमती पिंकी महावर ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा संचालन आयकर अधिकारी एस0के0 वर्मा सफलतापूर्वक किया । अंत में अपर आयकर आयुक्त, आयकर अधिकारी, स्कूल के खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान, प्रधानाचार्य, शिक्षकों के साथ अन्य अभिभावकों एवं बच्चों ने भी दर्जनों पौधों का रोपण उत्साहपूर्वक किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख रूप से प्रधान आयकर आयुक्त डॉ प्रीती चंद्र दास, अपर आयकर आयुक्त पिंकी महावर, आयकर अधिकारी एस0के0 वर्मा, संजय बहल, महेंद्र कुमार, शरद प्रकाश अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी मंशाराम, आयकर निरीक्षक प्रशांत शुक्ला, सत्येंद्र कुमार सहित अनेक आयकर परिवार के अलावा स्कूल के अनिल सिंह, मो0 आफताब, नीलम, नेहा सहित बच्चे भारी संख्या में मौजूद रहे।




# 34 बोतल विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।रेल में हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम, अवैध मदिरा के परिवहन अभियान तथा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु लागतार कानपुर रेलवे स्टेशन पर जीआपी पुलिस द्वारा निगरानी रखी जा रही है, जिसके बादमें जीआरपी थाने लेजाकर पूंछतांछ की गयी। रेल में बढते अपराध व चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए जीआरपी पुलिस द्वारा लगातार टीम गठित कर प्लेटफार्मो और रेलों का निरीक्षण किया जा रहा है, इसी के अंतर्गत प्लेटफार्म नं0 9 पर बनी इलेक्ट्रानिक सीढियो के पास एक संदिग्ध युवक को जीआरपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर पकडे गये युवक के पास से 34 बोतल विदेशी शराब, जानी वॉकर, रेड लेबल मेड इन स्र्काट लैण्ड की बरामद की गयी। पूंछतांछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसका नाम सत्यम सौरभ पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी वार्ड नं0 8, चिउटहा, अहिरौलिया थाना राजगढवा, जिला पूर्वी चम्पारण व हाल का पता रक्सौल थाना, जिला मोतीहारी बिहार है। प्रभारी निरीक्षक जीआरपी कानपुर सेंट्रल रामकृष्ण द्विवेदी ने बताया कि अभियुक्त बिहार का रहने वाला 26 वर्षीय सत्यम सौरभ है, जिसे 34 विदेशी शराब की बोतलों के साथ पकडा गया है। अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 36/2023 धारा 63 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# सीएमओ कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दिव्यांग बोर्ड के भ्रष्टाचार के खिलाफ राष्टीय विकलांक पार्टी के राष्टीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सैकडो दित्यांगजनों ने सीएमओ कार्यालय, काशीराम अस्पताल में प्रदर्शन करते हुए धरना दिया साथ ही यह भी आरोप लगाया कि दिवयांग बोर्ड एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चला रहा है। इस दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ उचच सतरीय जांच की मांग की गयी ।प्रदर्शन के दौरान महासिचव वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि दिव्यांग बोर्ड में भ्रष्टाचार के कारण प्रमाण पत्र व आवेदन के रिकॉर्ड गायब कर दिये जाते है। चेयरमैन अमित कुमार कनौजिया का भ्रष्टाचारियों को संरक्षण प्राप्त है, इसलिय शिकायतों पर काई कार्यवाही नही की जाती है। कहा जब यूडीआईडी कार्ड के लिए दिरूांगों ने आवेदन किया तो उन्हे बताया गया कि दिव्यांगता प्रमाणपत्र के रिकार्ड नही है यही नही नये बने दिव्यांग प्रमाण के मूल आवेदन भी गायब होने की शिकायते आ रही है। मांग करते हुए कहा कि रिकॉर्ड गायब होने की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। कहा कि यदि ही हाल रहा और उनके द्वारा आज दिये गये शिकायती ज्ञापन पर कोई कार्यवाही नही की गयी तो आगे आन्दोलन और भी उग्र रूप से किया जायेगा। प्रदर्शन में अरविन्द सिंह, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, आनन्द तिवारी, पमोदी मिश्रा, गुडडी दीक्षित, गौरव कुमार, दिलीप कुमार, सलमान खान, प्रताप चन्द्र भाटिया सहित सैकडों की संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे।



एक चतुर्थश्रेणी कर्मी पर भ्रष्टाचार का आरोप ब्तादें कि विशिष्ट दिवयांगता पहचानपत्र यानी यूडीआईडी बनाने की व्यवस्था के लिए दिव्यांग प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराया जाता है, इसके लिए ऑलाइन आवेदन करने के बाद रामादेवी के कांशीराम अस्पताल परिसर स्थित सीएमओं कार्यालय के दिव्यांग बोर्ड के समक्ष सत्यापन के बाद यूडीआईडी आवेदन अप्रूव किया जाता है। विकलांग एसो0 के महासचिव वीरेन्द्र का यही आरोप है कि यहां कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चंदन दिव्यांगों से पैसे की मांग करता है और पैसा न देने पर काम नही करता, दिव्यांगों के रिकार्ड तक गायब हो जाते है ।दिव्यांगों के रिकार्ड सुरक्षित जहां एक ओर विकलांग पार्टी द्वारा दिव्यांग बोर्ड पर रिकार्ड गायब करने का आरोप लगाया जा रहा है वहीं कुछ समय परहल ही दिव्यांग बोर्ड के अध्यक्ष डा0 एके कनौजिया ने बताया था कि दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी करने के उपरान्त रजिस्टर में अंकित किया जाता है। पहले यह बोर्ड उर्सला अस्पताल में बैठता था लेकिन 2017 से कांशीराम में पूरी व्यवस्था होने के बाद अब सारे कार्य यहां से होते है। ऐसे में उर्सला तथा कांशीराम अस्पताल दोनो ही स्थानों पर रिकार्ड सुरक्षित है और रिकार्ड का रजिस्टर भी तैयार कराया जा चुका है, जिसके आधार पर ही दिव्यांगों के प्रमाणपत्रों का मिलान कराया जाता है।

# वीरेंदर स्वरुप क्रिकेट अकादमी द्वारा प्रीमियर लीग का आयोजन

## कानपुर क्रिकेटर्स ने टॉस जीतकर की गेंदबाजी




**बीपीएस न्यूज**

(विनय कुमार) कानपुर। डॉ वीरेंद्र स्वरूप क्रिकेट एकेडमी द्वारा डॉ नागेंद्र शुरू जी की याद में कानपुर प्रीमियर लीग का फाइनल मैच कानपुर क्रिकेटर्स व लक्ष्मी हजारिया इलेवन के बीच खेला गया जिसमें कानपुर क्रिकेटर्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी की ।लक्ष्मी हजारिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 139 रन बनाए जवाब में कानपुर क्रिकेटर्स 135 रन में ही ऑल आउट हो गई ।इस रोमांचक मैच को लक्ष्मी हजारिया इलेवन ने 4 रन से जीतकर कानपुर प्रीमियर लीग की विजेता ट्राफी पर कब्जा किया ।टूर्नामेंट के बेस्ट बल्लेबाज मोहम्मद नाज, बेस्ट बॉलर गुलाम अहमद व प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट साहिल सलीम बने ।इस मौके पर मुख्य अतिथि डीसीपी सलमान पाटिल विशिष्ट अतिथि गौरवेंद्र स्वरूप ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया ।इस अवसर पर आर पी सिंह, मोहम्मद याकूब ,रवि सक्सेना व वरिष्ठ पत्रकार इरफान, रंजीत सिंह,हाजी दिलशाद व पंकज तिवारी आदि लोग

# कई ट्रेनो के मार्गो में रहेगा परिवर्तन

कानपुर ।रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे ट्रैक मरम्मत व अन्य सुविधाओं में सुधार किया जा रहा है, जिसके कारण कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है ।जानकारी के अनुसार 24 व 26 फरवरी को वाया वाराणसी, सुल्तानपुर, लखनऊ व चारबाग रूट से नीलांचल एक्सप्रेस चलेगी तो वहीं ट्रेन संख्या 20945 निजामुददीन जहां 22 को निरस्त रही तो वहीं 24 को भी निरस्त की गयी है। ट्रेन संख्या 20904 एकतानगर महामना एक्सप्रेस 24 फरवरी तक अभी रद रहेगी। ट्रेन संख्या 12183 प्रतापगढ सुपरफास्ट एक्सप्रेस आगामी 24 तथा 26 फरवरी को रायबरेली स्टेशन तक ही जायेगी तो 12184 प्रतापगढ-भोपाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी 25 त 27 फरवरी को रायबरेली से ही चलेगी ।इसी प्रकार उत्तर रेलवे के लखनऊ-बाराबंकी सेक्शन पर मल्हौर यार्ड की रीमाडलिंग व ट्रैक दोहरीकरण, डालीगंज मल्हौर के बीच पैच दोहरीकरण के कार्य होने के कारण आगामी 3 मार्च तक मार्ग बाधित रहेगा, जिसके कारण साबरमती एक्सप्रेस सहित 8 ट्रेने अलग अलग तिथियों में निरस्त की गयी है। जिन ट्रेनों का समय बदला गया है उनमें 11079 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस 2 मार्च को 60 मिनट, 11080 गोरखपुर-एलटीटी 25 फरवरी को 60 मिन तो गोरखपुर मुबई सेंट्रल एक्सप्रेस 28 फरवरी को 60 मिनट बदले समय पर चलेंगी। वहीं 12107 लोकमान्य तिक टर्मिनस-सीतापुर एक्सप्रेस 1 मार्च को ऐशबाग तक जायेगी तथा दो मार्च को यहीं से वापस होगी। छपरा-मथुरा एक्सप्रेस 24 व 27 फरवरी व एक तथा तीन मार्च, दिलली आजमगढ एक्सप्रेस दो मार्च, आजमगढ दिलली एक्सप्रेस तीन माच व मुजफ्फरपुर साबरमती एक्सप्रेस दो मार्च को निरस्त रहेगी। 25 फरवरी व 4 मार्च को साबरमती मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस नही चलेगी।



बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2021-2023, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।